सुविचार

भलाई करना कर्तव्य नहीं, आनंद है, क्योंकि वह तुम्हारे स्वास्थ्य और सुख की वृद्धी करता है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 अंक: 233 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, बुधवार 15 मार्च, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस

लाहौर। सोमवार को हुए ड्रामे के बाद इस्लामाबाद पुलिस और रेंजर्स कमांडो मंगलवार को एक बार फिर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने उनके लाहौर वाले घर पहुंचे। दूसरी तरफ, इमरान ने एक बार फिर समर्थकों के नाम सोशल मीडिया पर अपील जारी की। कहा- आपके नेता की जान को खतरा है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर कहा- जल्द से जल्द खान साहब के लाहौर में जमान पार्क वाले घर पहुंचें।

लाहौर में पुलिस VS पुलिस

पुलिस ने जमान पार्क के इलाके में इंटरनेट बंद किया। दो हेलिकॉप्टर आसमान से निगरानी कर रहे हैं। कुछ खबरों में कहा गया है कि इमरान के घर पुलिस बनाम पुलिस का मामला गिरफ्तारी में देरी की वजह बन रहा है। दरअसल, खैबर पख्तूनख्वा (डढ) प्रांत में 10 साल इमरान खान की पार्टी की सरकार रही है। अब यहां केयरटेकर सरकार है। इसके बावजूद इमरान की सुरक्षा में डढ राज्य की पुलिस तैनात है। वो इस्लाबाद पुलिस को रोक रही है और इस वजह से गिरफ्तारी में देरी हो रही है।

प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का बयान

शाहबाज शरीफ ने जियो न्यूज के प्रोग्राम कैपिटल टॉक को दिए इंटरव्यू में कहा- हमने खान पर कोई केस दर्ज नहीं किया। अब अगर अदालत के आदेश का पालन भी नहीं करेंगे तो क्या होगा। इमरान कहते हैं कि वो 72 साल के बुजुर्ग हैं तो शांति से गिरफ्तारी क्यों नहीं देते।

फोटो जमान पार्क के बाहर पुलिस के लाठीचार्ज में घायल PTI कार्यकर्ता की है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की नेता अंदलीब अब्बास बोलीं- पुलिस ने हमारी महिला कार्यकताओं के कपड़े फाडे.। हम पाकिस्तानी हैं, भारतीय नहीं।

नवाज बोले- इमरान बुजदिल, मरियम ने गीदड़ बताया

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने इमरान खान को बुजदिल और कायर बताया है। मंगलवार को लंदन में मीडिया से बातचीत में शरीफ ने कहा- सियासतदान तो अकसर जेल जाते हैं, इसमें नया क्या है। मैं खुद भी लंबे वक्त जेल में रहा। बेनजीर और आसिफ अली जरदारी के अलावा मेरी बेटी मरियम भी जेल में रहे। इमरान बुजदिल हैं, जो पुलिस और अदालत से घबरा रहे हैं। दूसरी तरफ, नवाज की बेटी मरियम ने रावलपिंडी के करीब कसूरी में एक रैली में इमरान को गीदड़ और कातिल बताया।

लाहौर पुलिस ने कहा- हम इमरान को गिरफ्तार करने आए हैं और उन्हें लेकर ही जाएंगे। जो लोग पत्थरबाजी कर रहे हैं। उन्हें आखिरी वॉर्निंग दे दी गई है। पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा- पुलिस को लौट जाना चाहिए। अगर हालात बिगड़े तो इसकी जिम्मेदार पुलिस और सरकार की होगी। यहां लाशें गिरने का खतरा है। इमरान को महिला जज को धमकी देने के मामले में सोमवार को गिरफ्तार किया जाना था। बाद में ऐन वक्त पर उन्हें इस्लामाबाद हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी। अब उन्हें तोशाखाना केस में गिरफ्तार किया जाना है। जज ने 29 मार्च तक उन्हें अदालत के सामने पेश करने को कहा है।

जियो न्यूज की लाइव रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को गिरफ्तारी वॉरंट जारी होने के बाद इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) ने इलेक्शन कैम्पेन शुरू करने का ऐलान किया। चंद मिनट बाद ही आनन-फानन में एक रैली भी प्लान कर ली गई। इमरान काले रंग की बुलेट प्रूफ गाड़ी में घर से निकले और रैली की।

रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान किसी भी तरह से गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए वो समर्थकों की भीड़ का सहारा ले रहे हैं। दूसरी तरफ, सिक्योरिटी फोर्सेस और पुलिस उनको गिरफ्तार करने की सॉलिड स्ट्रैटेजी बनाने में जुटी है। पुलिस और रेंजर्स कमांडो की एक टीम खान की हर हरकत पर नजर रख रही है। खान के लाहौर स्थित ह्यजमान पार्कह्ल वाले घर को घेरा जा चुका है। माना जा रहा है कि खान को गिरफ्तारी के बाद हेलिकॉप्टर से इस्लामाबाद लाया जाएगा।

अब तक 80 केस दर्ज

खान पर अब तक कुल 80 केस दर्ज हो चुके हैं। खान पर तोशाखाना में जमा गिफ्ट्स को सस्ते में खरीदने और ज्यादा दामों में बेचने का आरोप है। इसे लेकर पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने उन्हें 5 साल के लिए अयोग्य घोषित किया है। उनकी संसद सदस्यता भी रद्द कर दी गई है। इस फैसले के खिलाफ इमरान समर्थकों ने चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर हिंसक प्रदर्शन किया था, जिसमें कुछ लोग घायल भी हुए थे। इस घटना के बाद खान के खिलाफ एंटी टेररिज्म एक्ट के तहत वारंट जारी हुआ था पिछले साल 20 अगस्त को इस्लामाबाद में एक रैली के दौरान इमरान ने महिला जज और पुलिस अधिकारियों को खुलेआम धमकी दी थी। इसी बीच इमरान की पार्टी ढळक की लीगल टीम ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट में खान की गिरफ्तारी से पहले जमानत याचिका दायर कर दी थी। ये सोमवार को खारिज हो गई।

पैंतरे आजमा कर बच रहे इमरान

इमरान पर कई महीने पहले कथित हमला हुआ था और तब से वो पैर में प्लास्टर लगाकर अदालतों से तरह-तरह की राहत हासिल कर रहे थे। एक गैरकानूनी पार्टी फंडिंग और दूसरा टेररिज्म से जुड़ा है। इनमें भी उनकी गिरफ्तारी होनी है।

तोशाखाना केस में भी इमरान के वकील ने सुनवाई टालने की मांग की थी। इस पर जज ने कहा- अगर वो दूसरी अदालतों के सामने पेश हो सकते हैं, तो यहां आने में क्या दिक्कत है। इमरान जब प्रधानमंत्री थे तब विपक्षी सांसदों ने उनके खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की थी। इमरान पर आरोप था कि उन्होंने तोशाखाना में जमा गिफ्ट्स को सस्ते में खरीदा और ज्यादा दामों में बेच दिया।

क्या है तोशाखाना केस

चुनाव आयोग के सामने सत्ताधारी पाकिस्तानी डेमोक्रेटिक मूवमेंट ने तोशाखाना गिफ्ट मामला उठाया था। कहा था कि इमरान ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न देशों से मिले गिफ्ट को बेच दिया था। इमरान ने चुनाव आयोग को बताया था कि उन्होंने तोशाखाने से इन सभी गिफ्ट्स को 2.15 करोड़ रुपए में खरीदा था, बेचने पर उन्हें 5.8 करोड़ रुपए मिले थे। बाद में खुलासा हुआ कि यह रकम 20 करोड़ से ज्यादा थी।

मुंबई ने लीग में लगातार 5वीं जीत

WPL में मुंबई इंडियंस की लगातार 5वीं जीत:प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम, गुजरात

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने विमेंस प्रीमियर लीग के प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम ने लीग में लगातार 5वीं जीत दर्ज की। मंगलवार को मुंबई की टीम ने गुजरात जायंट्स को 55 रनों से हराया है। बतौर होस्ट खेल रही मुंबई की टीम ने अपने सभी 5 मुकाबले जीते हैं। वह पॉइंट टेबल में सबसे ज्यादा 10 अंक लेकर टॉप पोजिशन पर है। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी मुंबई की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 162 रन बनाए। जवाब में गुजरात की बल्लेबाज 20 ओवर में 9 विकेट पर 107 रन ही बना सकीं।

हरमनप्रीत का आतिशी अर्धशतक मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 30 गेंदों पर 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने लीग में तीसरा अर्धशतक जमाया। हरमन ने अपनी पारी में 170.00 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उनकी पारी में 7 चौके और दो छक्के शामिल थे। कप्तान के अलावा, ओपनर यस्तिका भाटिया ने 44 और नैटली सीवर ने 36 रन का योगदान दिया। गुजरात की ओर से एश्ले गार्डनर ने तीन विकेट लिए। किम गार्थ, स्नेह राणा और तनुजा कंवर को एक-एक विकेट मिला।

सुखजिंदर रंधावा के खिलाफ बीजेपी ने किया प्रदर्शन

PCC मुख्यालय पर पुलिस-बीजेपी कार्यकर्ता में हुई धक्का-मुक्की

गरीबों का सितारा

जयपुर। पीसीसी मुख्यालय पर पुलिस और बीजेपी कार्यकर्त्ता हुए गुथम-गुत्था। राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के पुलवामा वाले बयान पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की और से सुखजिंदर सिंह रंधावा के खिलाफ पीसीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान जैसे ही नाराज कार्यकर्त्ता पीसीसी की और बढ़ने लगे। पुलिस ने बैरीकेटिंग लगा उन्हें रोक दिया। जिससे नाराज बीजेपी कार्यकर्त्ता पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई।

बीजेपी जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा एक ओर जहां देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी को आशीर्वाद दे रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री और सेना को लेकर बेतुके बयान दे रहे है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश नहीं किया जाएगा। कांग्रेस ने 70 साल देश को धकेलने का काम किया है। जिनकी सरकार के वक्त भ्रष्टाचार और आतंकवाद को बढ़ावा दिया। ऐसे में कांग्रेस के किसी भी नेता को प्रधानमंत्री के खिलाफ बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

बीजेपी जयपुर शहर महामंत्री कृष्ण मोहन शर्मा ने कहा कि ये कभी नहीं भूलना चाहिए कि इस देश की आजादी के लिए उन शहीदों ने सियासत नहीं की। उन्होंने अपना बलिदान देकर आजादी दिलवाई थी।

नगर निगम हैरिटेज में साधारण सभा बुलाने की तैयारी:कमिश्नर ने विधायकों को पत्र लिखकर 22 मार्च को बैठक बुलाने की मांगी अनुमति

गरीबों का सितारा

जयपुर। जयपुर नगर निगम हैरिटेज में दो साल बाद साधारण सभा बुलाई जा रही है। दिलचस्प बात ये है कि बैठक मेयर के बजाए कमिश्नर के स्तर पर बुलाई जा रही है। कमिश्नर विश्राम मीणा ने इसके लिए आज शहर के विधायकों को एक पत्र लिखकर बैठक बुलाने की अनुमति मांगी है। 22 मार्च को प्रस्तावित इस बैठक को पार्षदों की ओर से दिए प्रस्ताव के बाद बुलाया जा रहा है। अगर ये बैठक होती है तो इस बोर्ड की दूसरी बैठक होगी। इससे पहले फरवरी 2021 में बोर्ड की पहली बैठक हुई थी।

नगर निगम कमिश्नर की ओर से विधायक प्रताप सिंह, महेश जोशी, अमीन कागजी, रफीक खान, सतीश पूनिया को पत्र लिखा गया है। पिछले दिनों भाजपा के 35 से ज्यादा पार्षदों का साइन किया प्रस्ताव कमिश्नर को दिया था। इसके बाद कमिश्नर ने अपने विशेषाधिकार का उपयोग करते हुए बैठक कॉल की है।राजस्थान नगर पालिका की धारा 51 में नगर पालिका में साधारण सभा की बैठक 60 दिन में एक बार और एक साल में कम से कम 6 बार बुलाना जरूरी है। अगर नगर पालिका के एक तिहाई पार्षद लिखित में प्रस्ताव देकर बैठक बुलाने की मांग करते है तो अध्यक्ष को सात दिन में बैठक बुलानी पड़ती है। अगर नगर निगम का अध्यक्ष बैठक नहीं बुलाता है तो उस स्थिति में पार्षद नगर पालिका के अधिकारी (आयुक्त या सीईओ या अधिशाषी अधिकारी) को प्रस्ताव दे सकते है, जो 10 दिन में विचार करके बैठक बुला सकते है। इसी नियमों के तहत ये बैठक बुलाई जा रही है। पिछले दिनों मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बजट बैठक नहीं बुलाने और बिना विधायकों से पूछे बजट सीधे सरकार को भिजवाने पर विरोध जताया था। उन्होंने मेयर पर निशाना साधते हुए कहा था कि वो होते कौन है बिना पूछे बजट सीधे सरकार को भेजने वाले। मिटिंग कॉल नहीं की और विधायकों से पूछा नहीं और अपनी मर्जी से मान लिया कि हम बैठक बुलाना नहीं चाहते। वहीं मेयर ने भी इस मामले पर बचाव करते हुए कहा था कि सरकार के नियमों के मुताबिक 15 फरवरी तक बैठक हो सकती थी और 28 फरवरी तक हर हाल में बजट सरकार को भिजवाना था, इसलिए भिजवा दिया। बैठक के लिए हमने टेलीफोन पर सांसदों से जब बात की तो उन्होंने लोकसभा सत्र के बाद बैठक बुलाने के लिए कहा था।

चौमूं की सड़कों पर अंधेरा:बिजली निगम का 14 करोड़ बकाया

गरीबों का सितारा

चौमूं। नगर पालिका के बिजली निगम के बकाया 14 करोड़ रुपए नहीं चुकाने पर निगम टीम ने शहर में कई रोड लाइटों के कनेक्शन काट दिए। नगर पालिका के बिजली निगम के बकाया 14 करोड़ रुपए नहीं चुकाने पर निगम टीम ने शहर में कई रोड लाइटों के कनेक्शन काट दिए। बिजली निगम ने मार्च महीने में बकायादारों से रिकवरी वसूलने को लेकर अभियान चला रखा है। बिजली निगम द्वारा बार-बार नगर पालिका प्रशासन को बकाया भुगतान को लेकर अवगत करवाया, लेकिन समय पर बिलों का भुगतान नहीं होने के चलते मंगलवार शाम को बिजली निगम ने चौमूं शहर की 2 दर्जन रोड लाइटों के कनेक्शन काट दिए। इससे शहर की सड़कों पर अंधेरा हो गया।

बिजली निगम के एक्सईएन केके पारीक के निर्देश पर बकायादारों के खिलाफ विद्युत निगम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। चौमूं शहर में नगरपालिका प्रशासन पर रोड लाइटों के करीब 14 करोड़ 36 लाख रुपए के बिल बकाया कई दिनों से चल रहे हैं। एक्सईएन केके पारीक ने बताया कि मार्च महीने में बिजली निगम द्वारा बकायादारों से वसूली की जाती है और इससे पहले बार-बार बकायादारों को नोटिस और मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है।

ब्राह्मण महापंचायत में शामिल होने के लिए निमंत्रण

हेल्थ सेक्टर से जुड़े डॉक्टर, लैब टेक्नीशियन समेत अन्य कर्मचारियों को पोस्टर विमोचन के जरिए दिया निमंत्रण

गरीबों का सितारा

जयपुर। जयपुर में 19 मार्च को होने वाली ब्राह्मण महापंचायत में ज्यादा से ज्यादा समाज के लोगों को शामिल करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए विप्र महासभा की ओर से अलग-अलग सेक्टर में काम करने वाले समाज के लोगों से मिलकर उनसे इस महापंचायत में शामिल होने की अपील की जा रही है। आज भी हेल्थ सेक्टर से जुड़े डॉक्टरों, लैब टेक्नीशियन, ब्लड बैंक कर्मचारी, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य सपोर्टिंग स्टाफ को महापंचायत में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

इस मौके पर विप्र महासभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सोमेंद्र सारस्वत, महासभा प्रदेश महामंत्री मनीष मुदगल सहित कई पदाधिकारियों की मौजूदगी में जयपुर के प्रताप नगर स्थित आरयूएचएस हॉस्पिटल में एक पोस्टर का विमोचन भी किया। पोस्टर विमोचन के बाद आरयूएचएस में कार्यरत समाज से जुड़े कर्मचारियों को इस महापंचायत से जुड़ने और समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का भी आग्रह किया गया।

पूर्वानुमान>	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
अधिकतम>	33°c	33°c	33°c	33°c
न्यूनतम>	20°c	19°c	19°c	19°c

25°

राज्य स्तरीय वास्तु प्रशिक्षण वर्कशॉप...

नई पहल : आवासन मंडल गुणवत्ता के साथ आमजन का भरोसा और विश्वास भी जीतेगा

आगामी आवासीय व व्यवसायिक परियोजनाओं में वास्तु शास्त्र का विशेष ध्यान रखा जाएगा

गरीबों का सितारा

जयपुर। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि मंडल गुणवत्ता के साथ आमजन का भरोसा और विश्वास भी जीतेगा। उन्होंने कहा कि मंडल द्वारा भविष्य में बनाए जाने वाले आवासीय और व्यवसायिक निर्माण में वास्तु शास्त्र का विशेष ध्यान रखा जाएगा। अरोड़ा मंगलवार को राजस्थान आवासन मंडल मुख्यालय 'आवास भवन' में 'वास्तु शास्त्रः आवासन एवं नियोजन में उपादेयता' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय वर्कशॉप को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप का उद्देश्य वास्तु से जुड़ी भ्रांतियां दूर कर वैज्ञानिक व तार्किक बातों की स्वीकार्यता बढ़ाना है। अरोड़ा ने कहा कि मंडल ने सदैव आमजन की भावनाओं और बदलते समय और मांग का ख्याल रखते हुए भवनों का निर्माण किया है। आज के दौर में आमजन

की प्राथमिकता वास्तु आधारित भवनों को खरीदने की रहती है। उन्होंने कहा कि आमजन की इसी बात को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारियों के साथ वास्तु शास्त्र पर गहन मंथन किया है ताकि गुणवत्ता के साथ आमजन का वास्तु सम्मत आवास भी उपलब्ध कराए जा सकें। वर्कशॉप के दौरान इंडियन काउंसिल आफ एस्ट्रोलॉजिकल साइंसेज के प्रोफेसर, वास्तुविद और ज्योतिषाचार्य सतीश शर्मा ने मंडल के तकनीकी इंजीनियरों तथा अधिकारियों को पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के जरिए वास्तु के गुर दिए। उन्होंने खास तौर पर दिशा संबंधी वास्तु पर जोर देते हुए कहा कि दिशाएं भगवान द्वारा नहीं बल्कि इंसानो द्वारा बनाई गई है। ऐसे में किसी खास दिशा को दोष वास्तु नहीं देता। उन्होंने कहा कि वास्तु पूरी तरह सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा पर कार्य करता है। सही मायनों में वह भवन पूरी तरह सफल होता है, जहां पंचतत्व को पर्याप्त और सही स्थान मिल सके। शर्मा ने कहा कि प्राइवेट बिल्डर्स तो वास्तु शास्त्र के अनुसार निर्माण कर लेते हैं लेकिन सरकारी एजेंसियों का उस और ध्यान कम रहता है लेकिन आवासन मंडल इसमें अपवाद है। मंडल ने आवासीय और व्यवसायिक निर्माण में वास्तु शास्त्र का ध्यान रखने की कार्य योजना बनाई है।

वर्कशॉप में मंडल सचिव, अल्पा चौधरी, वित्तीय संजय शर्मा, मुख्य संपदा प्रबंधक दीपाली भगोतिया, मुख्य अभियंता मनोज गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर सहित अतिरिक्त मुख्य अभियंता, उप आवासन आयुक्त, तकनीकी सहायक और आवासीय अभियंता स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

पंचाग

गरीबों का सितारा
निर्भीक कलम, निष्पक्ष आवाज

दिनांकः-15 मार्च 2023 बुधवार
विक्रम संवत2079चैत्र कृष्ण पक्ष

तिथि	अष्टमी	18:45:08
पक्ष	कृष्ण	
नक्षत्र	ज्येष्ठा	07:32:40
नक्षत्र	मूल	30:23:07
योग	सिद्धि	12:51:02
करण	बालव	07:37:17
करण	कौलव	18:45:08
करण	तैतुल	29:45:32
चन्द्र राशि	वृश्चिक	07:32:40
चन्द्र राशि	धनु	07:32:40
सूर्य राशि	मीन	
दिशा शूल	उत्तर	
सूर्योदय(जयपुर)	06:38:01	
सूर्यास्त	18:33:59	
चंद्रोदय	26:19:20	
चंद्रास्त	11:39:47	
राहू काल	12:36 - 14:06	
शुभ चोघडिया		
लाभ	06:38 - 08:08	शुभ
अमृत	08:08 - 09:37	शुभ
शुभ	11:07 - 12:36	शुभ
चर	15:35 - 17:04	शुभ
लाभ	17:04 - 18:34	शुभ

विशेष जानकारीः-
शीतला अष्टमी बासोड़ाः-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

भीलवाडा मे कल 424 साल पुरानी अनोखी परंपरा होगी

निकलेगी जिंदा इंसान की शव यात्रा

गरीबों का सितारा

भीलवाड़ा/ डॉ चेतन टटेरा भीलवाड़ा शहर में मेवाड़ शासन से ही चली आ रही 424 साल पुरानी परंपरा के तहत कल शीतला सप्तमी का त्यौहार रंगों की बौछार और के साथ मनाया जाएगा और जिंदा व्यक्ति की शव यात्रा जुलूस के रूप में निकाली जाएगी जिसमें शहर भर के लोग शामिल होंगे वही मंगलवार को शीतला सप्तमी को लेकर बासेडा मनाया गया । तत्कालीन महाराणा मेवाड़ ने विक्रम संवत 1655 में भीलवाड़ा की जागीरी/ पट्टा ठिकाणा भीलवाड़ा भोमियों का रावला के ठाकुर साहब को प्रदान किया था । इस प्रकार से 424 वर्ष से लगातार भीलवाड़ा में शीतला सप्तमी/ अष्टमी को एक अद्भुत परंपरा का निर्वहन किया जाता रहा है । इस परंपरा के तहत शीतला सप्तमी की पूर्व संध्या पर मगंलवार को सराफा बाजार में दो स्थानों पर तथा बड़े मंदिर के पीछे बाहले में भैरवनाथ जी की स्थापना की गई और मंगलवार शाम होते ही पुराने भीलवाड़ा के पंच पटेलो द्वारा भैरवनाथ जी के स्थानों पर धूप अगरबत्ती किया गया तथा ढोल झालर बजा कर तथा गीत गाकर रात्रि जागरण का आयोजन किया और भैरवनाथ का भाव भी आए । वर्तमान में भोपा जी का पाट अंतर्राष्ट्रीय कलाकार जानकीलाल भांड तथा लालचंद भरावा द्वारा निर्वहन किया जा रहा है । शीतला अप्तमी बुधवार को प्रातः बड़े मंदिर पर भीलवाड़ा गांव की पंचायती हताई पर पंच पटेल इकट्ठे होते हैं और फिर सभी लोग एकत्रित होकर ढोल नगाड़े के साथ झंडा लेकर बड़े मंदिर से निकलते हुए चित्तौड़ वालों की हवेली के यहां पहुंचते हैं तथा यहां पर लगभग एक घंटे तक होली खेली जाती है । यहीं पर एक व्यक्ति को मुर्दा बनाकर अंतिम यात्रा की शैय्या पर लेटाकर ऊंट , ढोल नगाड़ों के साथ अंतिम यात्रा प्रारंभ होती है जिसे स्थानीय भाषा मे (डोल)भी कहते हैं जो कि जूलूस के रुप में भीलवाड़ा के मेन मार्केट , बाजारों से रेलवे स्टेशन , पुलिस कंट्रोल रूम, सदर बाजार, गोल प्याऊ चौराया , महाराणा टॉकीज , हिंदू महासभा कार्यालय , सराफा बाजार होते हुए बड़े मंदिर पहुंचती है। यहां पर बचला बसा की प्रक्रिया सम्पन्न करने के पश्चात बाहले में अंतिम संस्कार किया जाता है । अंतिम यात्रा में सभी लोग हंसी ठिठोली करते हुए आते हैं एवं मरने वाले पर विलाप करते हैं तथा रोते हैं । इस परंपरा को संपूर्ण भीलवाड़ा इस पूरे घटनाक्रम को बड़े उत्साह के साथ देखता है एवं संपन्न करवाता है ।?उपरोक्त परंपरा का भीलवाड़ा के ठाकुर गोविंद सिंह, ठा.सा. श्री घनश्याम सिंह ,ठा.सा. चन्द्रभान सिंह तथा लादूलाल कसारा, शिव लाहोटी, तुलसीराम लोहार, लादूलाल भांड , यशोवर्धन सेन, पूनमचंद जैन, कैलाश जीनगर , जगदीश लाहोटी ,अरुण चोटिया, अंकुश जायसवाल किरण सालवी चुनीलाल कसारा , पप्पू पाटोदिया,भानू बैरवा, भेरूलाल सेन, दिनेश सालवी आदि पुराने भीलवाड़ा के पंच पटेल शामिल होते है ।इस कार्यक्रम को देखने के लिए भीलवाड़ा शहर के अतिरिक्त संपूर्ण भीलवाड़ा जिला एवं आसपास के अन्यत्र जिलों के लोग भी एकत्रित होते हैं । पूरा भीलवाड़ा शहर इस दिन इस कार्यक्रम से रंग-गुलाल से ओतप्रोत एवं सरोबार हो जाता है ।

निशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर 16 को

गरीबों का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल) रेबीज कंट्रोल यूनिट,पशुपालन विभाग,अजमेर की ओर से आगामी 16 मार्च गुरुवार को राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय,ब्यावर में एक दिवसीय निःशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमे पालतू श्वान तथा बिल्लियों में रेबीज रोग से बचाव हेतु निशुल्क रेबीज के टीके लगाए जायेंगे डॉ० जावेद हुसैन ने बताया की शिविर में रेबीज कंट्रोल यूनिट,अजमेर प्रभारी डॉ० नीरजा दीक्षित अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ अभद्र गाने चलाने वाले एक युवक को किया गिरफ्तार

गरीबों का सितारा

वरुण कामदार/रामगढ़ पचवारा। थाना अधिकारी अजय सिंह मीणा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आरोपी को किया गिरफ्तार। सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की छवि को धुमिल करने के लिए उनके खिलाफ अशोभनीय अभद्र अपमानजनक गाने बनाकर यूट्यूब चैनल व्हाट्सएप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आदि पर वायरल करने वाला विक्रम मीणा निवासी छारेडा को पुलिस ने किया गिरफ्तार।आरोपी विक्रम पुत्र लालू राम जाति मीणा उम्र 19 साल निवासी रिंग्या वाली ढाणी तन छारेडा थाना नांगल राजावतान,को किया गिरफ्तार। आरोपी विक्रम मीणा ने खुद का यूट्यूब चैनल विक्रम छारेडा ऑफिशियल के नाम से बना रखा है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अजय सिंह मीणा थाना अधिकारी रामगढ़ पचवारा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिसने 13 मार्च को आरोपी को पकड़ने में पुलिस टीम को सफलता हासिल हुई। टीम- अजयसिंह मीना पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना रामगढ़ पचवारा,रोहिताश कानि 493 थाना रामगढ़ पचवारा,सांवरमल कानि. 1181 थाना रामगढ़ पचवारा,रामअवतार कानि 217 थाना नांगल राजावतान, हरवीर सिंह कानि 1303 थाना नांगल राजावतान,सुभाष कानि. 1122 थाना नांगल राजावतान है।

इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एंव सम्मान योजनांतर्गत इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी हुई जिला स्तर पर सम्मानित

गरीबों का सितारा

अजीतगढ़। वर्ष 2018 से अजीतगढ कस्बे मे संचालित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी का इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान योजना अंतर्गत मंगलवार को जिला स्तर पर प्रथम स्थान पर चयन करके सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह तथा 7500/- की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुये तहसील प्रभारी कपिल मीणा व ब्लॉक संयोजक शंकर लाल शर्मा ने बताया की इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान मे बेटी बचाओ,बेटी पढाओ,महिला दिवस पर महिला उत्थान एंव जागरूकता कार्यक्रम, निर्धन बालिकाओं को स्वेटर वितरण,राजस्थान पुलिस का ऑपरेशन आवाज कार्यक्रम सहित अनेक सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम आयोजित करवाने पर सोसायटी को जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिकता विभाग सीकर ने जिला स्तर पर सम्मानित किया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थियों पर सरकारी राशि का दुरूपयोग करने पर सख्ती

संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों को एफ.आई.आर दर्ज कराने के विकास अधिकारी ने निर्देश दिये

गरीबों का सितारा

रामगढ़ पचवारा। उपखंड मुख्यालय यहां मंगलवार को विकास अधिकारी प्रियंका मीना ने ग्राम पंचायतो में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवासो का औचक निरीक्षण किया। विकास अधिकारी ने आवासो को 27 मार्च तक पूर्ण कराने की डेड लाईन जारी की व योजनान्तर्गत आवास की किश्त जारी होने के बाद आवास कार्य प्रारम्भ नहीं करने वाले लाभार्थियों के खिलाफ सरकारी राशि का दुरूपयोग करने पर संबंधित ग्राम विकास अधिकारियो को एफ.आई.आर दर्ज कराने के निर्देश दिये। विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत नयावास में 6 आवास, गोपालपुरा में 1 आवास, निजामपुरा मे 1 आवास व ग्राम पंचायत अमराबाद में 3 आवासो का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त विकास अधिकारी कमलेश मीना, सहायक विकास अधिकारी प्रभूलाल बैरवा, एम.आई.एस मैनेजर कन्हैया लाल सैनी व ग्राम पंचायत स्तरीय कार्मिक मौजूद रहे।

अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह आयोजित

महिला सशक्तिकरण, इंदिरा महिला शक्ति योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान

गरीबों का सितारा

साधना सेठी/सीकर । अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत बुधवार को प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह रेलवे सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सीकर गायत्री कंवर, विशिष्ठ अतिथि इंदिरा चौधरी, बीसूका उपाध्यक्ष सुनिता ?गठाला, उपखण्ड अधिकारी दांतारामगढ़ आईएएस प्रतिभा वर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश गढ़वाल, डीपीएम राजीविका अर्चना मौर्य, समाजसेवी बीएल मील, लेखाधिकारी राजीव म?हला, वरिष्ठ चिकित्सक राजेश कुमार, नंदलाल पूनिया, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल सहित अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सुनीता देवी, सुख देवी, मंजू देवी, भंवरी देवी, मंजू देवी, माया देवी, मंजू जोशी, मंजू स्वामी, ममता, सुमन देवी, साधना सेठी का प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। इंदिरा महिला शक्ति योजना में उत्कृष्ठ कार्य करने पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ़ को प्रथम, श्री कल्याण वुमन वेलफेयर सोसायटी दांतरामगढ़, एक ख्वाईश एजुकेशन फाउडेंशन जयपुर को द्वितीय, ज्योति कुमावत को तृतीय, लाल चंद रैगर फतेहपुर, अनिता देवी मुण्डरू श्रीमाधोपुर को इंदिरा महिला शक्ति उड़ान योजना में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर मोमेंटो, शॉल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख गायत्री कंवर ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं का आत्मनिर्भर बनाने में उनका सहयोग करें क्योंकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी तभी देश का विकास होगा और महिला स?शक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी दांतारामगढ़ आईएएस प्रतिभा वर्मा ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार महिलओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है। जिनका समुचित लाभ प्राप्त करने के लिए महिलाओं को जागरूकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज की हर शिक्षित महिला अपने परिवार व समाज की महिला व बालिकाओं को योजनाओं के प्रति जागरूक करें ताकि जागरूकता के अभाव में उनकों भी योजनाओं का लाभ मिल सके और वें भी आत्मनिर्भर बनकर समाज व देश के विकास में योगदान प्रदान करें। इस दौरान महिला अधिकारिता विभाग द्वारा सभी अतिथियों का शॉल, स्मृति चिन्ह व पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं मीडियाकर्मियों ने अतिथियों से महिला सशक्तिकरण पर चलाई जा रही योजनाओं के बारें में प्रशनोत्तरी की। कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक महिला अधिकारिता अनुराधा सक्सेना ने सभी आगन्तुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

रींगस थाने में मोटिवेशनल सेमिनार का हुआ आयोजन

गरीबों का सितारा

रींगस(अरविन्द कुमार)। रींगस पुलिस थाने में मंगलवार को सीकर पुलिस अधीक्षक के आदेश से मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मोटिवेशनल स्पीकर छगन सिंह चौधरी के द्वारा पुलिस कर्मियों को तनाव मुक्त रहने के टिप्स बताए गए। मोटिवेशनल स्पीकर छगन सिंह चौधरी ने पुलिसकर्मियों को 24 घंटे ड्यूटी के बाद भी खुश रहने के तौर तरीके बताएं वहीं दिमाग से नकारात्मक विचार हटाने और सकारात्मक विचारों को अपनाने की बातों पर बल दिया। युवा पीढ़ी को भी प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में असफल होने पर गलत कदम नहीं उठाने चाहिए वहीं निराशा को त्याग कर नए जोश और जुनून के साथ सफलता की ओर अग्रसर होना चाहिए। इस दौरान एएसआई कैलाश चंद गुर्जर, हेड कांस्टेबल शिवपाल सिंह, हरफूल सिंह, नागर मल सैनी, राजेंद्र प्रसाद, कांस्टेबल शक्ति कुमार, अनिल कुमार, रसना सामोता, सीता आदि मौजूद थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

गरीबों का सितारा

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव शहर के कुबेर कोलोनी स्थित आदित्य यशवर्धन स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष नगरपालिका साँवर नाथ योगी एवं भाजपा नगर अध्यक्ष हरीश शर्मा की अध्यक्षता में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मां वीणा वादिनी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ हुआ।

संरक्षक बिरदी सिंह राठौड़ व संस्था प्रधान कृष्ण सिंह राजावत ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं भामाशाह का स्वागत अभिनंदन कर विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की वार्षिक शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के बारे मे जानकारी दी । जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यालय की गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पारितोषिक प्रदान किए गए!

कार्यक्रम मे अधिवक्ता राजेश पारीक ,भाजपा महामंत्री विकास मेवाड़ा, महामंत्री विकास पारीक, भाजपा उपाध्यक्ष व भामाशाह महावीर पांडे, एडवोकेट आशीष त्रिपाठी, महेश शर्मा, गोपाल विशनावट, फारुख , शम्भू मेघवंशी, सुनील बर्मन, मदन तेली सहित वार्डवासी, अभिभावक, विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। मंच संचालन लक्षिता राजावत ने किया।

बीरम की माता का बहुत प्राचीनकाल से चला आ रहा लक्खी मेला आज बुधवार को

मंगलवार रात्रि को हुआ माताजी के मन्दिर मे जोरदार विशाल जागरण

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना, अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के बहड़को कला पंचायत मुख्यालय पर स्थित बीरम की माता के मन्दिर पर बुधवार 15 मार्च को प्राचीनतम समय से ही लगता आ रहा विशाल मेले का आयोजन हो रहा है जिसका आयोजन ग्राम पंचायत के द्वारा कराया जाता है जो हर वर्ष ही लगता है। स्थानीय सरपंच हरि प्रसाद मीना ने मिडिया को बताया है कि मंगलवार की रात्रि मे 8 बजे से ही माता के मन्दिर पर विशाल जागरण किया गया जिसमे मशहूर मशहूर कलाकारो ने अपनी अपनी प्रस्तुतिया दी और श्रदालुओ का मन मोह लिया। सरपंच मीना ने मिडिया को यह भी बताया है कि आज बुधवार को मेले मे विशाल जिकड़ी प्रोग्राम भी सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है जिसमे अपने राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध गायक कलाकार भाग लेंगे और अपनी मधुर वाणी से रामरस का वितरण करेंगे।

मेले की व्यववस्था के लिए सरपंच की अध्यक्षता मे कमेटी का गठन किया गया है जिसके द्वारा निर्णय लिए गए है कि माता के मेले मे कोई भी शराब पीकर और हथियार लेकर नही आवे तथा सभी दूकानदार अपनी दूकाने कमेटी के निदेर्शानुसार ही लगावे एवं अपनी दूकान की सुरक्षा स्वयं ही करे और इसी तरह से चूडी मार्केट मे पुरूष का प्रवेश वर्जित है तथा माता के श्रदालुओ से भी कमेटी का ये ही निवेदन है कि कोई भी भक्त कीमती सामान या कीमती गहना पहनकर मेले मे नही आवे। मेले मे शान्तिपूर्ण व्यवस्था के लिए प्रशासन का भी सहयोग लिया जावेगा जिसमे पुलिस प्रशासन भी मेले मे मौजूद रहेगा। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय सरपंच हरि प्रसाद मीना(रिटायर्ड दिल्ली पुलिस थानेदार) के द्वारा दी गई है।

बीकानेर की प्रिया मारू और फराह के चित्र होंगे जयपुर में प्रर्दशित

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में "नहम्बला दुर्बला आदिशक्ति" चित्रकला कला प्रदर्शनी दिनांक 15 से 17 मार्च 2023 तक आयोजित की गई है। चयनित कलाकारों की सूची में बीकानेर की प्रिया मारू और फराह की भी कलाकृतियां शामिल है कला प्रदर्शनी में 15 महिला कलाकरों को चयनित किया गया है। प्रदर्शनी स्थान अकादमी संकुल झालाना स्थानिक क्षेत्र जयपुर में रखा गया है।

हिन्दी वार्षिक पत्रिका 'दर्पण' के पांचवें अंक का भी हुआ विमोचन

नगर राजभाषा कार्यान्वकयन समिति (क्रमांक-2) जयपुर की बैठक का आयोजन

गरीबों का सितारा

जयपुर। मंगलवार को उत्तर पश्चिम रेलवे, प्रधान कार्यालय जयपुर में विजय शर्मा महाप्रबन्धक की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (क्रमांक-2) की वर्ष 2022-23 की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बैठक में 01 जुलाई, 2022 से 31 दिसंबर, 2022 तक की छमाही की हिंदी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई और विभिन्न मदों में हिंदी का प्रयोग बढाने के लिए बल दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विजय शर्मा (महाप्रबन्धक-उत्तर पश्चिम रेलवे) ने सरकारी कामकाज पर बल देने की बात कहीं और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के महत्व पर जोर दिया। बैठक में प्रणय प्रभाकर, मुख्य राजभाषा अधिकारी सहित केन्द्र सरकार के कार्यालयों के 37 कार्यालय उपस्थित रहे। सभी सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया और इन पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।राजभाषा को बढ़ावा देने के लिये उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा प्लेटफार्मों पर "आज का शब्द" तथा "आज का विचार" विषयों पर क्रियेटिव बनाकर पोस्ट किये जा रहे हैं जो भाषा ज्ञान को बढ़ाने के साथ-साथ ज्ञानवर्धन भी कर रहें है। इस पश्चिम रेलवे के कर-कमलों से हिन्दी वार्षिक पत्रिका ह्यदर्पणह्ल के पाँचवे अंक को जारी किया गया। संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली की मुख्य मदों पर विचार-विमर्श कर इन के लिए निर्देश दिए गए। बैठक के अन्त में कैप्टन शशि किरण (उप मुख्य राजभाषा अधिकारी) व मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

हिन्दी भाषा के जोर पर भी दिया गया ध्यान

हिन्दी का कद बढ़ाने पर भी हुई चर्चा

किसानों के चेहरे हुए मायुश: रैणी क्षेत्र के ज्यादातर गांवो में हुई ओलो के साथ बेमौसम बारिश

सरसो की फसल मे सर्दी का जबरदस्त नुकसान और अब गेंहू की फसल मे भी नुकसान की आशंका

गरीबों का सितारा

रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना। अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के ज्यादातर गांवो मे ओले के साथ मंगलवार दोपहर बाद हुई जोरदार बेमौसम बरसात , अब इस समय बरसात होने से सभी फसलों(गेंहू , जौ , चना)में भारी नुकसान होने की सभांवना है इसलिए किसानों के चेहरे हुए मायुस क्योंकि पहले ही तो सरसों की फसल में सर्दी का भारी नुकसान हुआ है और अब किसान गेहूं , जौ , चने की फसल काटने लग गये तो ओले और बरसात होने से गेहूं भी गिरने लग गये है जिसके कारण किसानों के चेहरे पर निराशाजनक नजर आने लग गयी है।



श्री प्राज्ञ मृगी रोग निवारक समिति द्वारा आयोजित निशुल्क कैंप मे 73 रोगियो ने उठाया लाभ

गरीबों का सितारा

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव स्थानीय श्री प्राज्ञ मृगी रोग निवारक समिति द्वारा माह के द्वितीय मंगलवार को आयोजित कैंप मंगलवार को अस्पताल परिसर में लगाया गया।जिसमे वरिष्ठ डॉक्टर आर के चंडक व टीम अपनी सेवाए प्रदान करी। कैम्प के लाभार्थी स्वर्गीय श्री उदयलाल जी खाबिया की पुण्य स्मृति में श्री जयसिंह,देवराज ,राजेश ,संजय ,दूलराज खाबिया विजयनगर रहे। कैम्प मे 73 रोगियो को डॉक्टर द्वारा निशुल्क परामर्श दिया गया व एक माह की दवाई का निशुल्क वितरण की गई! मंत्री पदम चंद ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी,अध्यक्ष घेवर चंद श्रीश्रीमॉल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया,कोषाध्यक्ष पारस मल बाबेल ने लाभार्थियों का परिचय व धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर मे मदन लाल रांका , अमित लोढ़ा,विपिन मेहता,मदन लाल लोढ़ा आदि ने सेवाए प्रदान की। अनिल चौधरी ने सभा का संचालन व मरीजों की काउंसलिंग की!

पंचायत समिति में महिला मेट व सखी प्रशिक्षण का आयोजन

गरीबों का सितारा

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव हुरडा पंचायत समिति सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी थीम के अंतर्गत एक दिवसीय महिला मेट एवं सखी प्रशिक्षण का आयोजन पंचायत समिति हुरड़ा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। हुरडा प्रधान राठौड़ ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे हैं नवा चारों की जानकारी दी एवं महिलाओं को हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। थानाधिकारी तिवाडी एवं सखी सुरक्षा अधिकारी संजना ने महिलाओं के अधिकारों ,कर्तव्यों , जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। अपने आप पर होने वाले अत्याचार या असुरक्षित महसूस होने पर संबंधित थाने मे अपनी प्राथमिकी दर्ज कराने के बारे में अवगत कराया। महिला मेटो ने महिलाओं को आगे बढ़ने एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए के लिए संपूर्ण रुप से नरेगा में महिला मेटो की नियुक्ति किए जाने के पर जिला कलेक्टर महोदय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रशिक्षण के दौरान अपने सुझाव दिए। प्रशिक्षण में सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष एवं सोडार सरपंच गोपाल मंडवा ,

नेता प्रतिपक्ष उमराव चोरडिया,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी दशरथ विक्रम शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र चोरडिया, थानाधिकारी राजेश तिवाडी, सखी सुरक्षा अधिकारी संजना चौधरी, तकनीकी सहायक उषा व्यास सहित ग्राम पंचायत में से 135 महिला मेट उपस्थित रही।

सरकार द्वारा मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए किया जाएगा आमरण अनशन: प्रदेशाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता

राजस्थान ऑफथेल्मिक एसोसिएशन के तत्वावधान में नेत्र सहायकों ने शहीद स्मारक पर दिया धरना प्रदर्शन

वेतन विसंगति के निवारणार्थ व नए पद सृजित कर विज्ञप्ति जारी करने की मांग को लेकर दिया धरना प्रदर्शन

गरीबों का सितारा

जयपुर (सुनील कुमार पाराशर)'राज्य सरकार के नेत्र सहायकों के प्रति उपेक्षा पूर्ण रवैये को लेकर राज्य सरकार में कार्यरत एवं युवा बेरोजगार नेत्र सहायकों ने मंगलवार को जयपुर में शहीद स्मारक पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में नेत्र सहायक संवर्ग में रही वेतन विसंगतियों के निवारणार्थ एवं नये पद सृजित कर विज्ञप्ति जारी करने की मांग को लेकर गांधीवादी तरीके से सांकेतिक धरना प्रदर्शन दिया ' एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि नेत्र सहायक संवर्ग में 35 वर्ष बाद भी वेतन विसंगति का निवारण नहीं होने एवं नये पद सृजित कर नई भर्ती जारी करने की मांग को लेकर राज्य सेवा में कार्यरत समस्त नेत्र सहायकों एवं युवा बेरोजगार नेत्र सहायकों ने आज यहां शहीद स्मारक पर गांधीवादी तरीके से धरना प्रदर्शन किया है ' उन्होंने आगे बताया कि वेतन विसंगति के निवारणार्थ एवं नए पद सृजित कर विज्ञप्ति जारी करने की मांग को लेकर राज्य के समस्त नेत्र सहायक 1 मार्च 2023 से अब तक लगातार राज्य सरकार का ध्यान आकर्षण करने हेतु काली पट्टी पहन कर विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्य कर रहे हैं ' साथ ही सभी जिला मुख्यालयों पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम श्रीमान जिला कलेक्टर को ज्ञापन प्रस्तुत किए गए हैं ' अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता ने आगे बताया कि राज्य सरकार से बार-बार अनुरोध करने पर भी अभी तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है।

यदि सरकार द्वारा हमारी मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं की गई तो आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए आमरण अनशन किया जाएगा ' एसोसिएशन के महासचिव राजेश बैरवा ने बताया कि यदि सरकार नेत्र सहायक संवर्ग के नए पद सृजित करके नई भर्ती करें तो एक और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को नेत्र जांच चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी दूसरी ओर बेरोजगार प्रशिक्षित नेत्र सहायकों को भी राज्य सेवा में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा ' इस मौके पर फाउंडर प्रेसिडेंट एंड पेट्रोन डॉ एसएस तंवर चेयरमैन एल.एन. कुमावत,सीनियर वाइस प्रेसिडेंट लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, जनसम्पर्क सचिव पीयूष शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट ज्ञानचंद चौहान, नेहा सोनी, मुकेश भाटी, सहित सैकड़ो नेत्र सहायक मौजूद रहे।

हरियाणा के पूर्व मंत्री इल्यास खान का अलावडा में हुआ भव्य स्वागत

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना,अलवर के रामगढ क्षेत्र मे हरियाणा के पूर्व मंत्री इल्यास खान का मंगलवार को ताहिर भाई के यंहा निजी कार्यक्रम में पधारने पर अलावडा और आसपास के अनेक सरपंचों और क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान पूर्व मंत्री इल्यास खान ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अलावडा में मेरा ताहिर भाई के निवास पर निजी कार्यक्रम के अंतर्गत पहली बार आना हुआ है। यंहा आने पर सर्व समाज के लोगों द्वारा किए स्वागत सम्मान के लिए मौजूद लोगों का आभार जताया , साथ ही कहा कि हम हिन्दुस्तान में रहते हैं। हिन्दुस्तान में अतिथियों का साफा बांध और माला पहनाकर स्वागत करने की परम्परा रही है जिस तरह एक बगीचे में तरह तरह के पौधे लगे होते हैं और रंग बिरंगे फूल खिलते हैं उसी तरह हमारा देश एक बगीचा है और इसमें रहने वाले हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख,इसाई सहित 36 बिरदारी के रहने वाले आप और हम सब पौधे और फूल हैं ।



अंत में कहा कि हरियाणा के जिन दो युवकों को अपहरण कर ले जाकर राजस्थान में जिंदा जला दिया। हमारी राजस्थान सरकार से मांग है कि उन अपराधियों को गिरफ्तार कर सरकार कडी.से कडी.सजा दिलावे चाहे अपराधी किसी भी जाती धर्म का हो। इस दौरान मिलकपुर में ट्रैक्टर चालक नाहिद माणकी निवासी की बोतल पत्थर मार कर की गई हत्या के मामले में पीडित पत्र के लोग पूर्व मंत्री इल्यास खान से मिले और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सहयोग की अपील की। स्वागत समारोह के दौरान ग्रामीणों की तरफ से सम्बोधित करते हुए पूर्व सरपंच कमल चंद ने इल्यास खान को इमानदार और सच्चाई का साथ देने वाला नेता बताते हुए आसपास से आए सरपंचों और ग्रामीणों की तरफ से अलावडा में पधारने पर आभार जताया और स्वागत किया। इस दौरान ताहिर भाई द्वारा इल्यास खान का साफा बांध बुक भेट कर स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री इल्यास खान के साथ आए लम्बरदार बिल्लू ,जानू सरपंच, यहूदा खान,ईशब खान काठपुरी और इल्यास खान का अलावडा सरपंच जुम्मा खान,पूर्व सरपंच कमल चंद,सुब्बा पहलवान,हाजी फजरु खान, मिलकपुर के पूर्व सरपंच रत्ती खान,केसरोली सरपंच मुस्ताक खान,पूर्व सरपंच रहमू खान,साहडोली से समाज सेवी धोला खान, नसवारी सरपंच अजान खान,मिलकपुर के चौधरी हनीफ खान,लोदपुरी के हनीफ खान,माणकी से प्रौसम खान द्वारा साफा बांध माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान नसरु खान,जोरे खान,महाराज गुर्जर, संजय सिंघल,बुल्ला,मौहम्मद खान, असरफ खान सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

प्रदूषित देशों में भारत की गिनती होना चिंताजनक

वर्ष 2022 के लिए जारी रिपोर्ट के आधार पर भारत अगर दुनिया का आठवां सबसे प्रदूषित देश है और विश्व के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में यदि 78 फीसदी भारत के हैं, तो यह चिंता का विषय है। 2021 में भारत पांचवें स्थान पर था। दो अक्टूबर 2014 को बहुत ही जोर-शोर से स्वच्छ भारत मिशन लांच किया गया था और खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक सवच्छता को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया गया था। बड़े-बड़े सेलिब्रिटीज को इस अभियान से जोड़ा गया था ताकि देशव्यापी जागरूकता लाई जा सके। उस वक्त वर्ष 2022 में दो अक्टूबर तक देश को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया था। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि भारत सबसे प्रदूषित देशों में शुमार है। शहर हो या गांव गंदगी मुक्त नहीं हुए हैं। आठ साल में स्वच्छता अभियान कहां पहुंचा, कितने शहर स्वच्छ हुए, देश में स्वच्छता की क्या स्थिति है? सार्वजनिक स्थानों पर आज भी गंदगी के अंबार क्यों हैं? सेलिब्रिटीज ने जागरूकता लाने में क्या भूमिका निभाई? स्वच्छता अभियान से जुड़े सरकारी महकमे व अफसरों ने क्या भूमिका निभाई? प्रदूषण लगातार बढ़ क्यों रही है? ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिनके जवाब तलाशे बिना स्वच्छता अभियान व हरितत मिशन को सफल नहीं बनाया जा सकता है। इस बार वित्त वर्ष 2023 के लिए आम बजट में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के लिए सात हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित की गई है। 2014 के बाद से हर बजट में स्वच्छ भारत मिशन के लिए बजट आवंटित किया गया है। अनुमान के मुताबिक आठ साल में तकरीबन 50 हजार करोड़ रुपये स्वच्छता मिशन के लिए आवंटित किए गए, इसके बावजूद अगर भारत स्वच्छ नहीं हुआ है, दो अक्टूबर 2022 तक देश को स्वच्छ नहीं बनाया जा सका है, तो साफ है कि सरकार के जिम्मेदार लोगों ने इस मिशन को गंभीरता से नहीं लिया है। जनता का जुड़ाव भी नहीं हो सका है। हवा में प्रदूषण की जांच करने वाली स्विस एजेंसी आईक्यू एयर ने मंगलवार को वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट जारी की है। इसमें 131 देशों का डेटा 30,000 से अधिक ग्राउंड बेस मॉनिटरों से लिया गया है। इस रिपोर्ट में दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित 20 शहरों में 19 एशिया के हैं, जिनमें 14 भारतीय शहर हैं। एक शहर अफ्रीकी देश का है। उद्योग व वाहन से निकलने वाले जहरीले धुएं के अलावा भी वायु प्रदूषण के और भी कारण हैं, लेकिन उसमें एक स्थानीय गंदगी भी है जो हवा को दूषित करती है। हवा में प्रदूषण नापने की इकाई पीएम 2.5 में भी गिरावट आई है। यह 53.3 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर हो गया है। चिंता की बात ये है कि यह अभी भी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सेफ लाइन (5) से 10 गुना से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे प्रदूषित 100 शहरों में 72 दक्षिण एशिया के हैं। इनमें ज्यादातर शहर भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के हैं। रिपोर्ट में दक्षिण एशिया को वायु प्रदूषण का केंद्र बताया गया है। इस रिपोर्ट के आधार पर विश्व बैंक ने प्रदूषण में कटौती करने के लिए आने वाले खर्च का एनालिसिस किया है। इसके लिए 2.6 अरब डॉलर खर्च करने होंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि वायु प्रदूषण के चलते भारत को 150 बिलियन डॉलर के नुकसान का अनुमान है। भारत में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारक परिवहन सेक्टर है, जो कुल प्रदूषण का 20-35 फीसदी प्रदूषण करता है। भारत क्लामेट करार का हिस्सा भी है, इसलिए तापमान में कटौती के ग्लोबल लक्ष्य में शामिल है। आज जरूरी है कि देश स्वच्छ व हरित मिशन से प्रदूषण को न्यूनतम करने की दिशा में आगे बढ़े।

सारा संसार

मसूरी की सबसे प्रसिद्ध जगहों पर यहां के झरने हैं। कैंपटी फॉल मसूरी का मशहूर झरना है, जिसकी सुंदरता आपको अपनी ओर आकर्षित करेगी। कैंपटी फॉल हैप्पी वैली से लगभग 13-14 किलोमीटर की दूरी पर है।

दिवस विशेष

अरुण कुमार कैहरबा

ठगी के नए तरीकों से उपभोक्ता रहें सतर्क

आज बाजार एक बड़ी ताकत का रूप ले चुका है। विशेष तौर पर पूंजीवादी व्यवस्था में बाजार अपना क्रूर एवं शोषक रूप लेकर हाजिर होता है। एक ताकत के रूप में ही उसकी कोशिश होती है कि मनुष्य अपनी इंसानियत भूल कर उपभोक्ता का रूप धारण कर ले। ऐसे उपभोक्ता जिनके लिए बाजार में बेची जा रही वस्तुएं हासिल करना और उपभोग करना ही प्राथमिकता हो। उपभोक्ता संस्कृति पूंजीवादी व्यवस्था के तरकश के तीर की भांति काम करती है। एक तरफ निजीकरण, उदारीकरण और वैश्वीकरण के नाम पर वित्तीय पूंजी को असीमित छूट प्रदान की जाती है, दूसरी तरफ जीने के लिए खाने की बात को उलट कर खाने के लिए जीने को मनुष्य के जीवन का ध्येय बना देती है। बड़ी पूंजी को केंद्रीय महत्व प्रदान करने वाली राजनीतिक आर्थिक व्यवस्था में उपभोक्ताओं के अधिकार निश्चित तौर पर हाशिए पर रहते हैं। उपभोक्ताओं को खुले बाजार द्वारा प्रलोभन दिए जाते हैं। ऐसा उपभोक्ताओं को फंसाने, अधिकाधिक लाभ कमाने और अतिरिक्त माल को ठिकाने लगाने के लिए किया जाता है। ऐसी जटिल स्थितियों में ही विश्व उपभोक्ता दिवस जैसे जागरूकता बढ़ाने वाले दिन की प्रासंगिकता को समझा जा सकता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिए सामान अथवा सेवाएं खरीदता है वह उपभोक्ता है। इस अधिनियम ने उपभोक्ता के रूप में हमें कुछ अधिकार प्रदान किए -यदि उत्पादक एवं व्यापारी द्वारा अनुचित तरीके का प्रयोग किए जाने के कारण हमें नुकसान होता है अथवा खरीदे गए सामान में यदि कोई खराबी है या फिर किराए पर ली गई वस्तुओं में कमी पाई गई है या फिर विक्रेता ने प्रदर्शित मूल्य से अधिक मूल्य लिया है, इसके अलावा यदि किसी कानून का उल्लंघन करते हुए जीवन तथा सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करने वाला सामान जनता को बेचा जा रहा है तो हम शिकायत कर सकते हैं। उपभोक्ता जिला स्तरीय आयोग में एक करोड़, राज्य स्तर पर एक करोड़ से दस करोड़ तथा राष्ट्रीय आयोग में दस करोड़ से अधिक मूल्य की वस्तु या सेवाओं की शिकायत कर सकता है। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी जिला में जाकर शिकायत कर सकता है। नए कानून के मुताबिक ई-कॉमर्स या ऑनलाइन माध्यम से खरीदी की भी शिकायत की जा सकती है। भ्रामक विज्ञापन के विरुद्ध भी आयोग में जा सकते हैं। आयोग को उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण और अधिकारों का हनन करने वाले उत्पादकों व कंपनियों को सजा देने की ज्यादा शक्तियां दी गई हैं। उपभोक्ता संरक्षण के सख्त कानून के बावजूद यथार्थ में बाजार एक बड़ी ताकत है, जिसमें उपभोक्ता जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, बिना मानक की वस्तुओं की बिक्री, अधिक दाम, गारंटी के बाद सर्विस नहीं देना, ठगी व कम नापतोल संकटों से घिरे हुए हैं। खाद्य वस्तुओं में मिलावट तो कई बार जानलेवा होती है और कई बार धीरे-धीरे असर करने वाला जहर। उपभोक्ताओं को सतर्क रहना जरूरी है।

पोर्टल से सशक्त बन रहा उपभोक्ता

कंज्यूमर राइट डे

प्रो (डॉ.) शीतल कपूर

15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष के विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के लिए कंज्यूमर्स इंटरनेशनल द्वारा प्रस्तावित विषय 'स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण के माध्यम से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना' है। भारत सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 को बदल दिया और एक नया और साहसिक कानून, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 बनाया। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (सीपीए) 2019 को 20 जुलाई, 2020 को अधिसूचित और लागू किया गया था। ई-दाखिल पोर्टल को उपभोक्ता शिकायतों को दर्ज करने के लिए एक मुफ्त, तेज और निर्बाध तंत्र के रूप में लॉन्च किया गया था।

15 मार्च एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि इस दिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी द्वारा 15 मार्च, 1962 को उपभोक्ताओं के चार मौलिक अधिकारों की अनूठी घोषणा का जश्न मनाया जाता है। उपभोक्ताओं के चार मौलिक अधिकार हैं : सुरक्षा का अधिकार, चुनने का अधिकार, सूचना का अधिकार और उपभोक्ताओं के रूप में सुने जाने का अधिकार। 120 से अधिक देशों में 300 संगठनों के लिए छाता निकाय, कंज्यूमर्स इंटरनेशनल (सीआई), जिसे पहले इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ कंज्यूमर यूनियन्स (आईओसीयू) के रूप में जाना जाता था, ने 15 मार्च को 1983 से उपभोक्ताओं के बुनियादी अधिकारों को बढ़ावा देने के अवसर के रूप में मनाया। तभी से 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष के विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के लिए कंज्यूमर्स इंटरनेशनल द्वारा प्रस्तावित विषय 'स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण के माध्यम से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना' है।

उपभोक्ताओं को प्रभावित करने वाली नवीनतम और उभरती चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए, भारत सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 को बदल दिया और एक नया और साहसिक कानून, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 बनाया। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (सीपीए) 2019 को 20 जुलाई, 2020 को अधिसूचित और लागू किया गया था। कोविड-19 के दौरान उपभोक्ताओं के लिए शारीरिक रूप से यात्रा करने और उपभोक्ता आयोगों के पास शिकायत दर्ज करने की सीमाएं थीं, इसलिए ई-दाखिल पोर्टल को उपभोक्ता शिकायतों को दर्ज करने के लिए एक मुफ्त, तेज और निर्बाध तंत्र के रूप में लॉन्च किया गया था। सीपीए, 2019 केवल उपभोक्ताओं के लिए एक औपचारिक लेकिन अर्ध-न्यायिक विवाद समाधान तंत्र बनाकर उपभोक्ता हितों की बेहतर सुरक्षा के लिए एक विधायी ढांचा प्रदान करता है। यह प्रगतिशील सामाजिक कानून उपभोक्ताओं को सरल, त्वरित और वहन करने योग्य निवारण प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर एक त्रि-स्तरीय अर्ध-न्यायिक उपभोक्ता विवाद निवारण तंत्र स्थापित करता है। देश में 680 जिला आयोग हैं, जिनमें से 630 कार्यरत हैं, 35 राज्य आयोग और राष्ट्रीय आयोग उच्चतम स्तर पर कार्य कर रहे हैं।

सीपीए, 2019 उपभोक्ता संरक्षण के दायरे को बढ़ाता है, इसके दायरे और निवारण तंत्र की शक्तियों को बढ़ाता है। सीपीए, 2019 की कुछ नई विशेषताएं ई-फाइलिंग, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण, मध्यस्थता, उत्पाद दायित्व, अनुचित अनुबंध को इसके दायरे में शामिल करके 'उपभोक्ता' की परिभाषा को व्यापक बना रही हैं। शिकायतों के निवारण के लिए 48 घंटों के भीतर ई-कॉमर्स इकाई द्वारा उपभोक्ता शिकायतों की अनिवार्य पावती स्थापित की जाती है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रभावी प्रावधान प्रभावित उपभोक्ताओं को नुकसान के लिए मुआवजे की मांग करने की अनुमति देते हैं। यह सक्षम आयोगों द्वारा गलत

काम करने वालों को दंडित करने के प्रावधानों की भी परिकल्पना करता है। अधिनियम में उपभोक्ता आयोगों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिकायतों की सुनवाई के प्रावधान भी शामिल हैं।

ई-फाइलिंग पोर्टल वर्तमान में कार्यात्मक है और संबंधित राष्ट्रीय आयोगों, राज्य आयोगों, 13-सर्किट बेंचों, 651-जिला आयोगों में उपभोक्ता शिकायतों के संबंध में 33 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में मौजूद है। ई-फाइलिंग को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) द्वारा 7 सितंबर, 2020 को पेश किया गया था। 8 सितंबर, 2020 को दिल्ली इसे लागू करने वाला पहला राज्य बना। बाद में, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, चंडीगढ़, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, कर्नाटक और हरियाणा ने अपने संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में ई-फाइलिंग सुविधा लागू की। उपभोक्ता मामले विभाग उपभोक्ताओं के लिए ई-फाइलिंग सुविधा शुरू करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई में सक्रिय है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा उपभोक्ता शिकायतों की ई-फाइलिंग के लिए वेब एप्लिकेशन edaakhil.nic.in इस प्रकार स्थापित किया गया था ताकि उपभोक्ता घर पर शिकायत दर्ज कर सकें। उपभोक्ता शिकायतों को दर्ज करने के लिए डिजिटल सॉफ्टवेयर में ई-नोटिस, केस दस्तावेज़ डाउनलोड लिंक और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुनवाई लिंक, विपरीत पक्ष द्वारा लिखित उत्तर दाखिल करना, शिकायतकर्ता द्वारा उत्तर और एसएमएस/ईमेल के माध्यम से अलर्ट जैसी कई नवीन विशेषताएं हैं। ई-फाइलिंग पोर्टल उपभोक्ताओं और उनके अधिवक्ताओं को आवश्यक शुल्क के भुगतान पर उनकी शिकायतों के निवारण के लिए कहीं भी उपभोक्ता शिकायतों को दर्ज करने का अधिकार देता है। यह उपभोक्ता आयोगों को शिकायतों का डिजिटल विश्लेषण करने में सक्षम बनाता है, चाहे शिकायत को स्वीकार करना हो, अस्वीकार करना हो या अतिरिक्त प्रसंस्करण के लिए संबंधित आयोग को शिकायत को अग्रेषित करना हो। ई-फाइलिंग के लिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में सीमांत और ग्रामीण उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ई-दाखिल पोर्टल को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर कई उपभोक्ताओं तक संचार की पहुंच नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से या आईसीटी उपकरणों का उपयोग करने में असमर्थ हैं, वे संबंधित उपभोक्ता आयोग के पास अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए निकटतम सीएससी से मदद ले सकते हैं। इस पोर्टल को सीएससी से जोड़ने का काम किया गया है और पंजीकरण के लिए उपयोगकर्ताओं को 50 रुपये का भुगतान करना होगा। उपभोक्ताओं को ई-फाइलिंग पोर्टल के तहत शिकायत कैसे दर्ज करनी है, यह सिखाने के लिए वीडियो ट्यूटोरियल और मॉड्यूल अंग्रेजी और हिंदी भाषा में तैयार किए गए हैं।

ई-दाखिल पोर्टल के शुरू होने के दो साल बाद अगस्त, 2022 तक 84,657 उपयोगकर्ताओं ने अपना पंजीकरण कराया है, जिनमें से कुल 23,640 शिकायतें दर्ज की गई हैं और 5,590 शिकायतों को मंजूरी दी गई है और 889 मामलों का निपटारा किया गया है और 4701 मामले अभी भी लंबित हैं। पिछले दो वर्षों में जब से ई-प्रवेश पोर्टल चालू हुआ है, 766 मामलों का निपटान जिला आयोगों द्वारा, 50 का राज्य आयोगों द्वारा और 73 मामलों का निपटान एनसीडीआरसी द्वारा किया गया है। उपभोक्ताओं को अपने अधिकार का पता होना चाहिए।

(लेखक वाणिज्य कर विभाग, कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मानव और देवों के बीच संदेशवाहक अग्नि देव

संकलित

दर्शन

अग्नि वैदिककालीन देवता हैं। इसकी पुष्टि ऋग्वेद के प्रथम मंत्र 'ऊं अग्निमीले पुरोहितम यज्ञस्य देवमृतविजम।...' में अग्नि की आराधना से होती है। इसके पहले अध्याय में नौ श्लोक 'अग्नि' को समर्पित हैं। ऋग्वेद के सभी मंडलों और ब्राह्मण ग्रंथों में इनकी उपासना की गई है। इससे पता चलता है कि हजारों साल पहले ही हमारे ऋषियों ने अग्नि के महत्व को जान लिया था। ऋषि 'यास्क' ने अग्नि को 'अग्रणि' (अग्रणी) कहा है यानी अग्नि का स्थान पहला है। आठ वसुओं में अग्नि का स्थान प्रथम है। अग्नि का अर्थ है, जो ऊपर की ओर जाता हो। इसकी गति हमेशा ऊपर (आकाश) की ओर रहती है, इसलिए अग्नि कहलाती है। ब्रह्मांड में अग्नि चार रूपों में मौजूद है। पहली आकाश में सूर्य, दूसरी अंतरिक्ष में विद्युत, तीसरी पृथ्वी पर साधारण अग्नि के रूप में और चौथी पाताल में ज्वालामुखी के रूप में। पृथ्वी पर अग्नि के कई रूप हैं, लेकिन इसके पांच रूप अधिक प्रसिद्ध हैं। यज्ञाग्नि-अग्नि के इस रूप द्वारा मनुष्य लोक कल्याण की भावना से भगवान की स्तुति करता है। भोजाग्नि-अग्नि का यह रूप भोजन पकाने के काम आता है। अग्नि के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए आज भी अनेक घरों में भोजन का पहला ग्रास अग्नि को समर्पित करके ही खाना बनाया जाता है। जठराग्नि-अग्नि का यह रूप मनुष्य को पुरुषार्थ करने के लिए प्रेरित करता है। दावाग्नि-अग्नि का यह रूप सिर्फ विनाश ही नहीं, कई बार नव-सृजन का कारण भी बनता है।

अहिंसक होना अभय का प्रतीक

संकलित

प्रेरणा

कुछ लोग सोचते हैं कि अहिंसा ने समाज को कायर बनाया है, फिर सामाजिक स्तर पर उसके उपयोग का आग्रह क्यों? यह सोचना नितांत भ्रांतिपूर्ण है। अहिंसक होना अभय का प्रतीक है। अहिंसा और कायरता में कोई संबंध नहीं है। भीरू आदमी अहिंसक नहीं हो सकता। जो आदमी मौत से डरता है, वह अहिंसक नहीं हो सकता। अहिंसक वह होता है, जो अभय है और जिसे मौत का भय नहीं सताता। फिर यह कै से माना जाए कि अहिंसा व्यक्ति या समाज को कायर बनाती है। यह भ्रम इसलिए उत्पन्न हुआ कि सही अर्थ में अहिंसा में विश्वास नहीं करने वाले धार्मिकों ने अपनी दुर्बलता को अहिंसा की ओट में पाला-पोसा। दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि उग्र हिंसावादी अहिंसा की अनुपयोगिता प्रमाणित करने के लिए यह प्रचारित करते हैंकि अहिंसा समाज को कायर बनाती है। भारत के इतिहास में मौर्य और गुप्तकाल को स्वर्णयुग कहा जाता है। उस युग में सम्राट चंद्रगुप्त और सम्राट अशोक जैसे व्यक्तियों ने अहिंसा को वह प्रतिष्ठा दी, जो कि साधारण व्यक्ति नहीं दे सकता। हम इस ऐतिहासिक तथ्य को भुला देते हैं कि भारत पारस्परिक घृणा और जातीय संघर्ष से कायर बना, पारस्परिक फूट और पारस्परिक आक्रमण से कायर बना और इन्हीं कारणों से वह परतंत्र बना। कहां वह मौर्य युग का वृहत्तर भारत और कहां विक्रम की दसवीं शताब्दी के बाद का परतंत्र भारत। भारत की परतंत्रता कायरता से आई और वह कायरता सामाजिक शक्ति के विघटन से आई।

सटाका

आज की पाती

सेजबहार में आवारा कुत्ते

रायपुर के सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आवारा कुत्ते लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। रात में यहां लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। मार्निंक वॉक पर जाने वालों को ये कुत्ते दौड़ा देते हैं। दिल्ली और हैदराबाद जैसे शहरों में आवारा कुत्ते बच्चों की जान ले चुके हैं। ऐसे में राजधानी के प्रमुख इलाकों में कुत्तों को लेकर कोई ठोस रणनीति नहीं बन रही है। रात में आने-जाने वाले कभी भी कुत्तों के शिकार हो सकते हैं।

-शाहीन बेगम

ट्रेंड

उपयोगी चर्चा

नोकिया के सीईओ पेक्का लुंडमार्क के साथ एक उपयोगी बैठक में हमने प्रौद्योगिकी से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की और समाज के कल्याण के लिए इसके लाभ पर मंथन। युवा पीढ़ी के डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में भारत की प्रगति पर भी चर्चा की।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

दमदार मिट्टी

जैविक सामग्री से भरपूर मिट्टी ही वर्षा जल को अवशोषित कर सकती है, भूजल को रिचार्ज कर सकती है। कमजोर मिट्टी न तो पानी को सोखती है और न ही स्टोर करती है जिससे नदियां या तो ओवरफ्लो हो जाती हैं या सूख जाती हैं।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

डर रही सरकार

मुझे 45 साल हो गए हैं पहली बार ऐसा देख रहा हूं कि रूलिंग पार्टी संसद नहीं चलने दे रही है, सदन की कार्यवाही चले यह जिम्मेदारी रूलिंग पार्टी की ही होती है। सरकार हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर चर्चा कराने से डर रही है।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

टेस्ट श्रृंखला क्यों नहीं

विश्व कप फाइनल केवल इंग्लैंड में ही क्यों होता है? यह गैर-एशियाई स्थितियों को दर्शाता है। इसका केवल एक ही खेल क्यों है? विश्व टेस्ट चैंपियन का निर्धारण करने के लिए टेस्ट श्रृंखला क्यों नहीं है? घर पर एक परीक्षण और तटस्थ स्थान पर एक का परीक्षण क्यों नहीं किया जाता है?

-आकाश चोपड़ा, क्रिकेटर

संपादकीय

करंट अफेयर

जी-20: धन के मुद्दे पर अटका कनॉट प्लेस का सौंदर्यीकरण

जी-20 आयोजनों के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी के मध्य में स्थित कनॉट प्लेस के सौंदर्यीकरण की नयी दिल्ली नगर निगम परिषद (एनडीएमसी) की योजना कई महीनों से वित्त पोषण के मुद्दे के कारण अटकी हुई है। एनडीएमसी ने व्यापारियों से मरम्मत के लिए धन देने को कहा था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। उनका कहना है कि नगर निकाय को इसके लिए करों के रूप में एकत्रित धन का इस्तेमाल करना चाहिए। हालांकि, एनडीएमसी का कहना है कि वे सौंदर्यीकरण के लिए धन नहीं दे सकते क्योंकि यह उनके अधीन नहीं है। एनडीएमसी के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि नवीनीकरण के पूरे काम पर करीब 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे। धन एकत्रित करने के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की जा रही है जिसमें निजी संगठनों और प्रायोजन से 'सीएसआर फंड' शामिल है। 'सीएसआर फंड' से तात्पर्य कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) वित्त पोषण है। एनडीएमसी के अधिकारी ने कहा, हम जी-20 आयोजनों को ध्यान में रखते हुए एनडीएमसी के बेगम जैदी जैसे बाजारों सहित अपने क्षेत्र के सभी बाजारों का नवीनीकरण करना चाहते हैं, लेकिन हम जनता के पैसे का इस्तेमाल सीपी मार्केट के सौंदर्यीकरण के लिए नहीं कर सकते।

ऑफ बीट

संग्रहालयों से चोरी गई 50 वस्तुएं एफबीआई ने लौटाई

अमेरिका में 1970 के दशक में कई राज्यों के संग्रहालयों से चोरी की गई और फ्रांसीसी तथा भारतीय युद्ध के समय की दर्जनों वस्तुओं को उचित संस्थानों को वापस कर दिया गया है। संघीय जांच एजेंसी ने सोमवार को फिलाडेल्फिया में 'म्यूजियम ऑफ द अमेरिकन रिवॉल्यूशन' में एक समारोह में घोषणा की कि पांच राज्यों के 17 संस्थानों में 50 वस्तुओं को वापस किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को लौटाई गई वस्तुओं में मिसिसिपी संग्रहालय से चोरी की गई 1847 मिसिसिपी राइफल, द्वितीय विश्व युद्ध की जनरल ओमर ब्रैडली की पिकअप पिस्तौल जो अमेरिकी सेना युद्ध कॉलेज संग्रहालय से चोरी हो गई थी और पेनसिल्वेनिया संग्रहालयों से चोरी की गई 19वीं शताब्दी की पेनसिल्वेनिया राइफलें शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि डेलावेयर में नेवार्क के माइकल कॉर्बेट पर दिसंबर 2021 में संग्रहालयों से 1970 के दशक में चोरी गई वस्तुओं को रखने का आरोप लगाया गया। अगस्त में उसने चोरी की गई वस्तुओं को अपने कब्जे में रखने का गुनाह कबूल किया और चोरी की गई वस्तुओं को वापस लौटाया। अधिकारियों ने बताया कि वस्तुएं बरामद कर उन्हें उसके असली मालिक तक पहुंचा दिया गया है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

अनशन 37वें दिन जारी, सैन समाज ने दिया समर्थन

राजस्थान सरकार की उलटी गिनती शुरू : रांका

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। बीकानेर। भाजपा नेता महावीर रांका की अगुवाई में 37वें दिन भी अनशन जारी रहा। ईसीबी के 18 कार्मिकों की ज्वाइनिंग की मांग को लेकर चल रहे अनशन को सम्बोधित करते हुए महावीर रांका ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना कर मंत्री व मुख्यमंत्री अपनी तानाशाही को प्रदर्शित कर रहे हैं। सरकार कोई भी उसे जनहित की बात करनी चाहिए लेकिन प्रदेश की सरकार जनता को त्रस्त करने में जुटी रहती है। अब राजस्थान सरकार की उलटी गिनती होनी शुरू हो गई है, जनता के साथ खिलवाड़ करने वालों को जनता ही जवाब देगी। भाजपा के तेजाराम राव ने बताया कि बीकानेर सैन समाज ने अनशन को समर्थन पत्र दिया तथा सत्य की राह पर अडिग रहने के लिए महावीर रांका को साधुवाद दिया। सैन समाज की ओर से अनशन को समर्थन देने वालों में शंभु मारु, गुलाबचंद मारु, सीताराम भाटी, श्रवण मारु, एडवोकेट श्रीभगवान मारु, गौरीशंकर मारु, ओम सांखला, राहुल मारू, मोहित मारु, मोहनलाल मारु, मूलचंद जाड़ीवाल, राकेश जाड़ीवाल, सुनील कुमार, नवरतन, मनीष, हेमन्त व गणेश आदि शामिल रहे। अनशन स्थल पर साहिल सोढा, जय उपाध्याय, मेहुल यादव, जेठाराम मेघवाल, नवीन बिश्नोई अनशन पर डटे हुए हैं। अनशन स्थल पर शम्भू गहलोत, आनन्द सोनी, टेकचंद यादव, राजेंद्र शर्मा, घनश्याम रामावत, रमेश सैनी, रतन पारीक, निर्मल गहलोत, मनोज गहलोत, नरपतसिंह भाटी, महेन्द्र भादू, रमेश सैनी, मालचंद जोशी, पवन सुराणा, बृजरतन भाटी, महेन्द्र सिंह राठौड़, मधुसूदन शर्मा, लोकेश छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।

डॉ. रेणुका व्यास और पूरणमल शर्मा को पोकरमल राजरानी गोयल राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार अर्पित

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। मुक्ति संस्था, बीकानेर के तत्वावधान में पोकरमल राजरानी गोयल राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार समारोह सोमवार देर शाम होटल राजमहल में आयोजित हुआ। इस दौरान कवियत्री-आलोचक डॉ. रेणुका व्यास को उनके राजस्थानी उपन्यास धिंगाणै धणियाप और पूरण शर्मा पूरण को उनके राजस्थानी कहानी संग्रह उणरी आपरी दुनिया के लिए पुरस्कार अर्पित किया गया। दोनों को पुरस्कार स्वरूप शॉल, साफा, श्रीफल और अभिनंदन पत्र के अलावा ग्यारह-ग्यारह हजार रुपए दिए गए। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार मधु आचार्य 'आशावादी' थे। उन्होंने कहा कि राजस्थानी लेखकों को प्रोत्साहित करना अच्छी परंपरा है। इससे नए लेखकों को प्रेरणा मिलेगी और राजस्थानी साहित्य सृजन में विविधता और परिपक्वता आएगी। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डेह, नागौर के पवन पहाड़िया ने कहा कि गत दशक में राजस्थानी साहित्य सृजन में आमूलचूल इजाफा हुआ है। राजस्थानी भाषा की मान्यता के दृष्टिकोण से अच्छे संकेत हैं। उन्होंने कहा कि आज के राजस्थानी लेखक प्रयोग धर्मी हैं, इससे लेखन की गहराई में और इजाफा हुआ है। युवा उद्यमी एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ.नरेश गोयल ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने अब तक दिए गए पुरस्कारों के बारे में जानकारी दी। मुक्ति संस्थान के सचिव कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। जोशी ने बताया कि पुरस्कार के लिए देश भर के विभिन्न राज्यों से 17 पुस्तकें प्राप्त हुई। चयन समिति द्वारा इनमें से दो पुस्तकों का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि चयन समिति द्वारा विभिन्न प्रस्तावों के आधार पर अवलोकन करते हुए, अंतिम चयन किया। जोशी ने संस्था की अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. रेणुका व्यास एवं पूर्ण शर्मा "पूर्ण" ने अपनी रचना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. शरद चंद्र मेहता तथा वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र जैन ने पोकरमल-राजरानी गोयल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार व्यक्त किए। वहीं डॉ. रेणुका व्यास और पूर्ण शर्मा"पूरण के व्यक्तित्व और कृतित्व पर डॉ. नमामी शंकर आचार्य और राजाराम स्वर्णकार ने विचार व्यक्त किए। अभिनंदन पत्रों का वाचन एड. इसरार हसन कादरी और व्यंगकार आत्माराम भाटी ने किया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रकाश रंगा ने किया। कार्यक्रम में एडवोकेट हीरालाल हर्ष, सुरेश कुमार गोयल, राजेश गोयल, परवेश गोयल,महावीर इंटरनेशनल के पूर्व अध्यक्ष पूर्णचंद राखेचा, एडवोकेट ओम भदानी, पूनमचंद सुराणा, कल्याणमल सुथार, संजय कोचर, बृजमोहन अग्रवाल ,गजेंद्र सिंह राठौड़, चंद्रशेखर जोशी, जगदीश रत्नू, डॉक्टर फारुख चौहान, बाबूलाल छंगानी शिव शंकर शर्मा एडवोकेट सुरेंद्र कुमार शर्मा, अविनाश व्यास, नदीम अहमद नदीम, हरीश बी शर्मा, मुकेश पॉपली, डॉ गौरी शंकर प्रजापत, चित्रकार योगेंद्र पुरोहित, संजय जनागल, नरसिंह बिनानी, एडवोकेट सतीश शर्मा, ओम दइया, अनिल व्यास, शिवशंकर व्यास, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। आगंतुकों का आभार व्यंगकार-सम्पादक डॉ. अजय जोशी ने जताया।

बीमारी बचाव उपाय...

आ गया गर्म मौसम : लू और हीटवेव्स से बचाव ही उपाय

गरीबों का सितारा

सितारा न्यूज नेटवर्क विशेष आलेख सितारा न्यूज नेटवर्क

भँवर लाल टॉक

आपदा विशेषज्ञ निरीक्षक

प्राकृतिक आपदाओं में अगर हम बात करे तो लू या हीट वेव की तो इस आपदा से भारत वर्ष में हर साल हजारो लोगों की जान जाती हैं इसमे बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं शामिल हैं इस आपदा में लू से हुई बीमारी से व्यक्ति तड़प तड़प कर अपनी जान दे देता है` भारत में लू या हीट वेव का प्रभाव सर्वाधिक उतर भारत के राज्यों में रहता है इसमे प्रमुखता राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, उतर प्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्य शामिल हैं ` आपदा के दोरान भरी गर्मियों में तेज गर्म हवाओ से फसलों को भारी नुकसान पहुंचता है व खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाता है` जिसकी वजह से भारी जान माल की क्षति होती है, आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करना बहुत ही मुश्किल होता है` रेगिस्तानी इलाकों में गर्मियों के समय तापमान 50' उ से 55 ' उ तक पहुच जाता है, इससे कई बीमारियां भी अपनी जगह बना लेती है अगर इसके प्रभाव से बचना है तो बचाव के उपाय को इस्तेमाल कर लू और हीट वेव से बच सकते हैं।

लू और हीट वेव से बचाव के उपाय

हीट वेव और लू असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि है, जो भारत के उत्तर-पश्चिमी भागों में गर्मी के मौसम में होने वाले सामान्य अधिकतम तापमान से अधिक है। हीट वेव्स और लू आमतौर पर मार्च और जून के बीच होती हैं, और कुछ दुर्लभ मामलों में जुलाई तक भी बढ़ जाती हैं। यह भारत वर्ष में राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार आदि राज्यों में रहता है अत्यधिक तापमान और परिणामी वायुमंडलीय परिस्थितियां इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं क्योंकि ये शारीरिक तनाव का कारण बनती हैं, जिसकी वजह कभी-कभी मृत्यु भी हो जाती है।

भारतीय मौसम विभाग ने हीट वेव्स के लिए निम्न मापदंड दिए हैं:

हीट वेव को तब तक नहीं माना जाना चाहिए जब तक एक स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों के लिए 40 त उ तक और कम से कम 30 त उ तक हिली क्षेत्रों तक नहीं पहुँ च जाता है

जब किसी स्टेशन का सामान्य अधिकतम तापमान 40 त उ से कम या बराबर होता है हीट वेव सामान्य से 5 त उ होता है तो 6 त उ से 6 त उ सामान्य तापमान से अधिक होता है। जब वास्तविक अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या सामान्य अधिकतम तापमान से अधिक रहता है, तो गर्मी की लहरें घोषित की जाती है । उच्च दैनिक चरम तापमान और लंबे समय तक, अधिक तीव्र गर्मी की लहरें जलवायु परिवर्तन के कारण विश्व स्तर पर लगातार बढ़ रही हैं। भारत भी जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को महसूस कर रहा है जो गर्मी की लहरों के बढ़े हुए उदाहरणों के रूप में है जो प्रत्येक गुजरते साल के साथ प्रकृति में अधिक तीव्र परिवर्तन हो रहे हैं , और मानव स्वास्थ्य पर विनाशकारी प्रभाव डालते हैं जिससे गर्मी की लहर से हताहतों की संख्या बढ़ जाती है।

गर्मी के मौसम में चलने वालीं गर्म हवा को ही लू कहते हैं लू से बचने की हिदायतें गर्मी का मौसम आते ही बड़े बुजुर्गों से मिलने लगती है लू से सावधान रहना जरूरी है अन्यथा इससे बहुत नुकसान पहुंच सकता है जब गर्मी के कारण शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव होने लगते हैं असल में यह गर्मी से होने वाली शारीरिक समस्या है हमारे शरीर में खुद को ठंडा रखने की कार्यप्रणाली होती है इस कार्यप्रणाली के कारण हम बाहर की गर्मी या शारीरिक गतिविधि के कारण अंदर बढ़ने वाली गर्मी से खुद को बचा पाते हैं पसीना आना उसी कार्यप्रणाली का हिस्सा होता है पसीना आने के लिए शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी का होना जरूरी होता है पानी की कमी होने पर यह कार्यप्रणाली सही तरीके से काम नहीं कर पाती ऐसे में यदि शरीर का तापमान 104.ऋसे ज्यादा हो जाये तो यह शरीर के लिए खतरनाक होता है।

लू या हीट वेव्स लगने के कारण

1. **गर्मी व पानी की कमी:** यदि शरीर में पानी की कमी होती है ऐसे में तेज धूप और गर्मी में अधिक देर तक रहते हैं तेज गर्मी में कड़ी शारीरिक मेहनत वाले काम करते हैं तो शरीर खुद को ठंडा नहीं कर पाता है ऐसे में लू लगना या हीट स्ट्रोक की संभावना बढ़ जाती है।
2. **शराब या चाय कॉफी आदि का अधिक सेवन :** शराब पीने या चाय कॉफी काफी अधिक मात्रा में लेने से पेशाब ज्यादा आता है क्योंकि शरीर पेशाब के माध्यम से इनके नुकसानदायक तत्वों को लगातर बाहर निकलने की कोशिश करता रहता है इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है।
3. **धूप में बिना एसी वाली कार में बंद कर बेठना:** कभीं कभीं बंद कार में लू लगने का बहुत सामान्य कारण होता है बंद कार यदि धूप में खड़ी हो तो कार का तापमान बाहर के तापमान से बहुत ज्यादा हो जाता है बाहर यदि 25.उ तापमान हो तो कार के अंदर का तापमान 50ू या इससे ज्यादा भी हो सकता है कुछ लोग बच्चों व बुजुर्गों को बंद कार में छोड़कर किसी काम से चले जाते हैं छोटे बच्चे, बुजुर्ग लोगों को कभी भी बंद कार में अकेला नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि बहुत कम समय में ही लू के शिकार हो जाते है।
4. **अत्यधिक नर्मी वाली गर्मी :** जब वातावरण में नमी अधिक हो जाती है तो पसीना शरीर से उड़ नहीं पाता पसीना नहीं उड़ने के कारण ठंडक नहीं हो पाती यह भी लू लगने का कारण बन सकता है।
5. **सिंथेटिक या टाइट कपड़े पहनना :** गर्मी के मौसम में सिंथेटिक या टाइट कपड़े पहनने से हवा नहीं लग पाती व शरीर के अंदर की गर्मी बाहर नहीं निकल पाती ऐसे में लू का असर हो सकता है।
6. **पुरानी बीमारी के कारण शारीरिक कमजोरी :** हृदय रोग, फेफड़े की समस्या, गुर्दे की समस्या, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, मानसिक तनाव, डायबिटीज, आदि लंबे समय से ग्रस्त होने पर शारीरिक क्षमता पर असर पड़ने लगता है ऐसे में तेज गर्मी का असर जल्दी पडने लगता है अतः सावधान रहने की जरूरत है।
7. **बच्चे या बुजुर्गों को ज्यादा खतरा :** अधिकतर बच्चे या बुजुर्ग लोग आसानी से लू की चपेट में आ जाते हैं क्योंकि उनमे गर्मी का सामना करने की शक्ति कम होती है पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीने, अधिक शराब या चाय कॉफी पीने पर किसी भी उम्र में लू लग सकती है।

हीट वेव्स या लू के लक्षण और इसका खतरा

सिर दर्द के साथ बॉडी पेन , दिल की धड़कन बड़ जाना, तापमान बढ़ जाना, साँ स लेने में दिक्कत, नर्वस रेट का बड़ जाना, थकावट, तेज बुखार, और बेहोशी इसके लक्षण है लू लगने पर उल्टी और चक्कर भी आ सकता है और मांसपेशियों में ऐठन भी हो सकता है शारीरिक रूप से कमजोर लोग, छोटे बच्चे और हृदय रोगी को सावधानी बरतनी चाहिए त्वचा का लाल गर्म व सुखी हो जाना व्यवहार में परिवर्तन हीट क्रैम्प्स एडरना (सूजन) और सिंकैप (बेहोशी) आमतौर पर बुखार के साथ 39 डिग्री सेल्सियस से नीचे यानी क102 त ऋशरीर का तापमान 40 त उ यानी 104 त ऋया इससे अधिक के साथ-साथ प्रलाप, दौरे या कोमा। यह एक संभावित घातक स्थिति है कोई भी लक्षण आने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए ठंडी जगह पर रहे खूब पानी पिए।

लू से बचने के उपाय

गर्मी में गर्म हवा और बड़ा हुआ तापमान लू लगने का कारण होता है इस स्थिति में सभी को लू से बचने के उपाय जानना चाहिए लू से बचने के उपाय बहुत सरल है अगर इन बातों का ध्यान रखा जाए तो लू से बचा जा सकता है लू से बचने के उपाय मे घरेलू चीजे भी शामिल है जिन्हें आप आसानी से अपना सकते हैं।

घरेलु उपायों को भी अपनाकर लू से बचा जा सकता है अगर आप पूरी गर्मी इन छोटी छोटी बातों का ध्यान रखेंगे तो लू लगने से बचा जा सकता है।

* धुप से निकलते वक़्त छाते का इस्तेमाल करना चाहिए सिर ढक कर धूप से निकले।
* घर से पानी या कोई ठंढ़ा शर्बत पीकर बाहर निकले।
* त्वचा पर गिला कपड़ा फेरकर शरीर का तापमान कम करने की कोशिश कर सकते हैं।
* तेज धूप से आते ही ज्यादा पसीना आने पर फोरन ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए।
* गर्मी के दिनों में बार बार पानी पीते रहना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।
* पानी में नींबु और नमक मिलाकर दिन में दो या तीन बार पीते रहने से लू लगने का खतरा कम रहता है।
* धूप में बाहर जाते वक़्त खाली पेट नहीं जाना चाहिए।
* खान पान का खास ध्यान रखें।
* सब्जियों के सूप का सेवन करना चाहिए बेल का ज्यूस भी फायदेमंद है बेल आपके विटामिन और खनिज की कमी को पूरा करेगा और शरीर में ठंडक पहुंचाएगा इमली और पुदीने का पानी भी ले सकते हैं नारियल पानी भी आसान उपाय है।
* लू लगने पर शरीर के तापमान को कम करने की कोशिश करनी चाहिए इसके लिए व्यक्ति को तुरंत छाया वाली ठंडी जगह मे ले जाना चाहिए शरीर को ठंडी हवा में रखे।
* बगल, पीठ, नाभि के पास दोनों तरफ जांघों पर, गर्दन, और हाथो पर बर्फ लगा सकते हैं इन जगहों पर रक्त की नसें ज्यादा होती है अतः शरीर में ठंडक लाने के लिए इसका जल्द असर होता है।
* कोशिश करनी चाहिए कि तेज धूप के बजाय सुबह या शाम के ठंडे समय में काम को निपटा ले यदि धुप मे रहना पड़ता हो तो हर आधे घंटे में एक गिलास पानी पीते रहना चाहिए चाहे प्यास लगे या ना लगे।
* चिकित्सक से परामर्श ले यदि लक्षण खराब हो जाते हैं या लंबे समय तक चलते हैं या व्यक्ति बेहोश है।

*शराब, चाय, कॉफी, कैफीन या वातित पेय न पीए।
*बेहतर वेंटिलेशन के लिए ढीले कपड़े करे।

आपातकालीन किट साथ रखे जो निम्नलिखित है (पानी की बोतल, छाता, टोपी या टोपी, सिर कवर, हाथ तौलिया, हाथ का पंखा, इलेक्ट्रोलाइट, ग्लूकोज, ओरल रिहाइड्रेशन)

* कोशिश करे कि यदि हाथ, मुह, सिर पूरी तरह से ढके, सूती कपड़े ही पहने, घर में भी कमरे के तापमान को कम रखे, घरों में हवा आती जाती रहे इसका भी ख्याल रखे।

लू व हीट वेव्स से बचना इसलिए जरूरी है कि कभी कभी यह आपदा जान खतरे में पड़ जाती है जिसकी वजह से जान भी जा सकती है। इसलिए आपदा में बचाव ही सुरक्षा है।

पीबीएम के 16 भवनों हेतु हुआ 2 मेघावॉट के सोलर प्लांट का अनुबंध : बचेंगे महिने के ग्यारह लाख रुपए

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। एसपीमेडिकल कॉलेज, एसएसबी, एवं कॉलेज हॉस्टल्स के बाद प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी की तत्परता से पीबीएम अस्पताल से जुड़े 16 भवनों के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्स्ट्रूमेंट लिमिटेड के साथ हुए अनुबंध की अनुपालना में मेडिकल कॉलेज और एशलिन सोलर इन्फ्रा प्राईवेट लिमिटेड जयपुर के ऑथोराइज्ड ऑफिसर के बीच रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने का करार हुआ।

प्राचार्य सोनी ने बताया कि यह अनुबंध 25 वर्ष तक के लिए हुआ है, इसमें बिजली खर्च में कुल 11 लाख रुपए की बचत आएगी, कंपनी की ओर से प्लांट निःशुल्क स्थापित किया जाएगा, इंश्योरेंस एवं रखरखाव की जिम्मेदारी भी कंपनी की रहेगी तथा 25 वर्ष बाद प्लांट चिकित्सालय प्रशासन को सुपूर्द कर दिया जाएगा।

इन भवनों में लगेगा सोलर प्लांट

सोलर कंपनी के अधिकृत अधिकारी जयवर्द्धन सिंह ने बताया कि एसपी मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध पीबीएम चिकित्सालय समूह के अंतरर्गत जनाना, बच्चा, मदार्ना अस्पताल, एडमिन ब्लॉक, कैंसर वार्ड, मेडिसिन आईसीयू, हल्दीराम हार्ट हॉस्पिटल, मेंटल अस्पताल, ट्रोमा सेंटर, ब्लड बैंक, श्वसन रोग अस्पताल, यूरोलॉजी, ईएनटी अस्पताल, पैलिएटीव केयर सेंटर व एक अन्य भवन में सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। सिंह ने बताया सभी सोलर प्लांट अनुपययोगी छतों पर लगाये जाएगें। इन भवनों पर लगे सॉलर प्लांट से करीब 2.5 लाख सोलर यूनिट जनरेट होगी।

उल्लेखनीय है कि प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी की कार्यकुशलता एवं तत्परता से महज दो दिन में एसपी मेडिकल कॉलेज, सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक, कॉलेज के 7 हॉस्टल सहित पीबीएम के 16 भवनों पर सोलर प्लांट लगाने के अनुबंध की कार्यवाही को शीघ्रता से पूर्ण किया गया, इससे लगभग 17 लाख रुपए महिने की आर्थिक बचत होगी।

सामाजिक उत्थान राष्ट्र का उत्थान - बिजारणियां

होली स्नेह मिलन में शेखावाटी चंग की धमाल पर झूमे लोग

गरीबों का सितारा

दांतारामगढ़ । दांतारामगढ़ विधानसभा के पलसाना कस्बें में सामाजिक विकास मंच के बैनर तले होली स्नेह मिलन फागोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सामाजिक विकास मंच के अध्यक्ष महावीर सिंह बिजारणियां ने कहा कि सामाजिक विकास ही राष्ट्रीय विकास का मार्ग है अगर आपको राष्ट्र का विकास करना है तो पहले मानव जीवन का सामाजिक विकास करना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग पांच हजार लोग मौजूद रहे। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुभाष सिंह बिजारणियां ने सामाजिक चेतना की बात कही। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक विकास मंच द्वारा 5 जरूरतमंद महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की गई। वही कार्यक्रम में प्रसिद्ध फतेहपुर शिव चंग मंडली ने चंग की थाप पर शेखावाटी की प्रसिद्ध धमाले पेश कर आगंतुक लोगों को खूब रिझाया। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि इस सामाजिक मंच को और आगे तक ले जाने के साथ ही इसे और अधिक मजबूत करना है काकी इस मंच के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की अधिक से अधिक मदद की जा सके। कार्यक्रम में सामाजिक विकास मंच के अध्यक्ष महावीर सिंह बिजारणियां, संरक्षक चौधरी रामनारायण बिजारणियां, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पलसाना रामदेव सिंह, सचिव मदन बिजारणियां, उपाध्यक्ष सुभाष बाजिया, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा, ओबीसी संघर्ष समिति के राष्ट्रीय संयोजक दौलतराम पेशिया, जिला

परिषद सदस्य सोहनी चौधरी, पंचायत समिति सदस्य ओम प्रकाश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ संगीता ढाका, पूर्व सरपंच गोवटी सुंडाराम हरितवाल, सरपंच लढाना सागरमल जटराणा, लालचंद विजयवर्गीय पलसाना, महेश नेहरा, कैलाश जटराणा, भवानी सिंह शेखावत, जुगल कुमावत, राजकुमार मीणा, निखिल, नंदलाल मिठारवाल, आदि लोगों के साथ क्षेत्र के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

भोजलावा में सड़क निर्माण शुरू होने पर ग्राम ग्रामवासियो ने पूर्व विधायक का किया सम्मान

गरीबों का सितारा

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)' ग्राम पंचायत मोरीजा के ग्राम भोजलावा में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के अथक प्रयासों से जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर द्वारा स्वीकृत भोजलावा से पंवारो की ढाणी होते हुए रावली कोटी व नई कोठी सड़क तक का निर्माण कार्य शुरू किया गया। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी साफा व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक सैनी

का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सरपंच मंगल चंद सैनी, पूर्व सरपंच कालूराम सांखला, सूरज पंवार, जगदीश सांखला, देवाराम सैनी, गोपाल लाल सैनी, बद्री पंवार, दानाराम सैनी, कालूराम पंवार, छोटूराम सैनी, तेजपाल सैनी, ओम पंवार, तुलसीराम पंवार, वार्ड पंच कन्हैया लाल सैनी, दिनेश पंवार, कजोड़ मल पंवार, मुकेश सैनी, रामबाबू सांखला, मोटू पंवार, सुनील सैनी, मनीष सैनी, विकास सैनी, विनोद पंवार व बाबूलाल बागड़ी सहित अन्य ग्रामीण जन मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

बेटियों के भाग्य को संवारने में लगी है भाग्यश्री सैनी

गरीबों का सितारा

जयपुर। राजस्थान प्रदेश के झुन्झुनूं जिला निवासी भाग्यश्री सैनी कहती हैं कि इस युग में कोई भी कार्य असंभव नहीं है ,बस उसे करने के जज्बात और उत्साह होना चाहिए कार्य की शुरूआत के लिए न उम्र बाधा बनती है और न ही हालात , अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो मुश्किल राहें भी आसान हो जाती हैं , ऐसे ही एक जज्बे के को लेकर 2020 से बेटियों के भाग्य को संवारने में लगी हुई है समाज सेविका, वुमन एंड चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट भाग्यश्री सैनी। जी हां, भाग्यश्री सैनी अभी तक हजारों ड्रॉपआउट (जो किसी कारणवंश अपनी पढ़ाई को बीच में छोड़ चुकी थी) बेटियों का भाग्य बदल चुकी है।समाज में बहुत सी बेटियां अपने जीवन की विपरीत परिस्थितियों में स्कूल छोड़ देती है परन्तु अब ऐसी बेटियों को सुशिक्षित करने में भाग्यश्री सैनी एक उम्मीद की किरण बनकर उभर रही है।

इस कार्य में भाग्यश्री सैनी को समाज के लोगों से भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। उनके साथ समाज मे डॉक्टर,वकील,शिक्षाविद और अन्य समाजसेवी भी जुड़कर बेटियों के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं।

भाग्यश्री सैनी बताती है कि अभियान का परम लक्ष्य बेटियों का सर्वांगीण विकास करना है। बेटियों का शारीरिक, मानसिक व सामाजिक उत्थान करना है। अभियान के तहत बालिकाओं का मनोवैज्ञानिक व व्यावहारिक अध्ययन हेतु डोर टू डोर विजीट किया जाता है।

सम्मानित

समाजसेविका भाग्यश्री सैनी को ग्लोबल अचीवर्स अवॉर्ड ,वूमैन अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। सामाजिक संगठनों द्वारा भी भाग्यश्री सैनी को समाज हित कार्यो में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु सम्मानित किया गया है।

स्कॉलरशिप व्यवस्था

बेटियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए "राजस्थान अनसंग स्टार्स अवार्ड", व "राजस्थान अनसंग स्टार्स स्कॉलरशिप" भी प्रदान की जाती है।

मुख्य प्रयास

बेटियों में शिक्षा की अलख जगाकर समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास ।

बेटियों को शिक्षित,जागरूक,स्वाभिमानी सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाना

देश की एक भी बेटी शिक्षा से वंचित नहीं रहे।

आधुनिक समयानुसार बेटियों को वो हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाये जिससे वह अपना और देश का नाम रोशन कर सके।

अभियान

भाग्यश्री सैनी 'राजस्थान अनसंग स्टार्स अभियान' चला रही हैं।जिसके अंतर्गत वे राजस्थान प्रदेश की ड्रॉपआउट (जो अपनी पढ़ाई को छोड़ चुकी है) बेटियों सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही हैं। गौरतलब है कि वो अभी तक करीब 2200 आदिवासी- मुस्लिम और अन्य बेटियों को इस अभियान से लाभान्वित कर चुकी है।

बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कार्यक्रम

बेटियां अपने जीवन में पूरी तरह शिक्षित बने,सुरक्षित रहे व अन्य विभिन्न समस्याओं से निपटने में सक्षम रहे उद्देश्य से एक सप्ताह का इन्द्रधनुष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें बेटियां पुलिस संवाद, चिकित्सीय परामर्श ,निःशुल्क चिकित्सा शिविर, सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग,शिक्षा से संबंधित एक्सपर्ट द्वारा सेमिनार - वेबीनार ,साइबर सुरक्षा जागरूकता, चाइल्ड एक्सपर्ट,आहार सेवन विधि संबधित विषयों पर जागरूकता इत्यादि प्रकार के अनेकों कार्यक्रम आयोजित करवाये जाते हैं

दा वर्ल्ड जीम झोटवाड़ा ने जीती चैंपियनशिप

गरीबों का सितारा

जयपुर। जिला पॉवर लिफि्टंग एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश खंडेलवाल ने बताया की दिनाक 12 मार्च 2023 को आर्यन स्पोर्ट्स अकेडमी झोटवाड़ा में जयपुर ज़िला क्लासिक महिला एव पुरुष पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमे 15 जिम एव. क्लबो के 50 खिलाड़ियों ने अपनी खेल शक्ति का प्रदर्शन किया।

टीम चैंपियन शिप पुरुष वर्ग दा वर्ल्ड जिम झोटवाड़ा ने जीती। टीम चैंपियनशिप महिला वर्ग में मानसरोवर ने जीती। स्ट्रॉग मेन ऑफ जयपुर परवीन कुमार यादव बने। स्ट्रॉग वोमेन ऑफ जयपुर पूनम बनी। सुरेश कुमावत,अम्रीत पाल सिह, निधि कल्याणी ने गोल्ड मेडल व पुलकीत टाँक, मयक कुमावत, राज सोनी, धिरज सिंह, सीमा चोबे, अभिषेक कुमावत, हरप्रीत सिंह ने सिल्वर मेडल जीते। आकाश सैनी, जयसमीन ने कांस्य पदक अपने नाम किए। पुरस्कार वितरण आर्यन स्पोर्ट्स के डायरेक्टर अनुराग आर्य द्वारा वितरित किए गए। महेश कुमार खंडेलवाल प्रेसिडेंट जयपुर ज़िला पॉवर लिफि्टंग एसोसिएशन व सचिव सत्येन्द्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष पवन कुमावत वर्ल्ड चैंपियन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

SMS अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर ने दिया मानवता का परिचय

शादी में मामा बनकर पहुंचे 70 नर्सिंग ऑफिसर

गरीबों का सितारा

जयपुर। रोगी की सेवा करने के लिए हर समय तत्पर रहने वाले चिकित्सा कर्मी इस बार ऐसा करिश्मा कर दिखाया जिसको सुनकर लोग अचंभित हो रहे हैं। यह वाक्य राजधानी जयपुर में एक शादी समारोह में मायरा भरने गए की 70 नर्सिंग ऑफिसर और डॉक्टर को देखकर हर कोई हैरान था। एसएमएस अस्पताल में काम करने वाली चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मीना देवी की बेटी निधि की बुधवार को शादी है। मंगलवार को मायरे की रस्म थी। मायरे की रस्म में एसएमएस अस्पताल में काम करने वाले नर्सिंग ऑफिसर और डॉक्टर्स भात भरने पहुंचे। जिन्हें देखकर मीना बाई की आंखें आंसूओं से छलक पड़ी। मीना बाई सांगानेर स्थित चौधरी पेट्रोल पंप के पास शिव कॉलोनी में रहती है।

मामा बनकर पहुंचे डॉक्टर- नर्सिंगकर्मी: मीना देवी पिछले काफी सालों से एसएमएस अस्पताल में काम कर रही हैं। जिनके दो बेटियां हैं, एक बेटी की पहले शादी हो चुकी है। एक बेटी की बुधवार को शादी है। परिवार में मीना देवी के अलावा कोई नहीं है। मीना भी कैसे जैसे करके बेटी की शादी कर रही थी। मीना देवी के भाई नहीं होने के कारण से चाचा- ताऊ के परिवार से एक व्यक्ति भात लेकर पहुंचा। एसएमएस अस्पताल के डॉक्टर्स झ नर्सिंगकर्मी भी मीना बाई की बेटी की शादी में मामा बनकर भात भरने पहुंच गए। शादी में एसएमएस अस्पताल के स्टाफ को देखकर हर कोई हैरान था। जिस परिवार में कोई नहीं था। वहां 70 लोग भात में पहुंच गए। जो आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

भात में दिए 1 लाख 21 हजार रूपए: नर्सिंग ऑफिसर ऑल डॉक्टर्स ने आपस में पैसे कलेक्ट किए। सभी भात भरने पहुंचे। सभी ने मीना देवी की बेटी की शादी में भाई का फर्ज निभाते हुए मायरा भरा। बहन की शादी के लिए अच्छी ड्रेस लेकर पहुंचे। उन्होंने भात में कपड़े और गहनों के साथ ही 1 लाख 21 हजार रूपए नकद दिए। एसएमएस स्टाफ की ओर से इस तरह मायरा भरने से मीना देवी की आंखों में आंसू छलक पड़े। महिला कर्मचारी एसएमएस अस्पताल के 3 एफ वार्ड में काम करती है और भात भरने भी 3 एफ वार्ड के नर्सिंगकर्मी और रेजिडेंट डॉक्टर्स पहुंचे। इस मौके पर नर्सिंग ऑफिसर महेंद्र कुड़ी, 3 एफ वार्ड इंचार्ज रमेश चंद बैरवा, भरत लाल जाटव, शुभिता, विक्रांत, ओम प्रकाश, रेखा, बबली, सोनू तथा समस्त नर्सिंग ऑफिसर एवं सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर के मुख्य नर्सिंग अधीक्षक सुरेश मीणा, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जयपुर शहर जिलाध्यक्ष महिपाल सामोता मायरा भरने पहुंचे।

शहीद स्मारक पर नेत्र सहायको द्वारा पूर्ण शालीनता के साथ गाँधीवादी तरीके से सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया धरना प्रदर्शन

गरीबों का सितारा

जयपुर (रामफूल मीणा) मंगलवार को नेत्र सहायक संवर्ग की वेतन विसंगति का निवारण करने एवं नए पद सृजित कर भर्ती जारी करने के क्रम में आज दिनांक 14-03- 2023 को जयपुर में शहीद स्मारक पर नेत्र सहायको द्वारा पूर्ण शालीनता के साथ गाँधीवादी तरीके से सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया इस दौरान वरिष्ठ साथी, महिला साथी, युवा साथी एवं युवा बेरोजगार साथी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। इस धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम में उपस्थित रहे सभी 140 साथियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया

और धरना कार्यक्रम के दौरान हमारे वरिष्ठ सेवानिवृत्त साथी एस एस तँवर एवं राजेंद्र शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति देकर सभी का मनोबल बढाते हुये मार्गदर्शन प्रदान कर कार्यक्रम को संपन्न करवाया और कार्यक्रम के दौरान सभी धरनार्थियों के लिए चाय, पानी एवम खाने की व्यवस्था संगठन के द्वारा की गई और कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ साथी मुकेश जैन द्वारा पूर्ण कुशलता पूर्वक माईक संचालन किया गया और धरना प्रदर्शन कार्यक्रम पूर्णतः सफल रहा। धरने के दौरान सीआईडी एवं इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट की टीम बार-बार रिपोर्ट लेती रही और संख्या बल और मांगों को देखते हुए आखिरकार सरकार के द्वारा आमंत्रण मिलने पर मुख्यमंत्री के विशेष अधिकारी को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने पूर्णतया आश्वासन दिया है कि वह हमारे मांग पत्र को माननीय मुख्यमंत्री की टेबल पर रखेंगे और संबंधित अधिकारियों को मांगों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करेंगे। कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात कमेटी की और से निर्णय लिया गया कि 15 दिन राज्य सरकार की कार्यविधि का इंतजार किया जाएगा और यदि आवश्यकता हुई तो आगे की रणनीति भी तैयार की जाएगी।

पी. डी. मीना को बनाया नेतृत्व विकास मिशन का राष्ट्रीय समन्वयक

गरीबों का सितारा



बस्सी (रामफूल मीणा) एआईआईसीसी की और से जयपुर के बस्सी निवासी पूर्व आईएएस अफसर पी .डी मीना को नेतृत्व विकास मिशन का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया है। उनको यह जिम्मेदारी बस्सी सहित प्रदेशभर में लगातार सक्रियता को देखकर दी गई है क्योंकि उदयपुर चिंतन शिविर में नेतृत्व विकास मिशन की परिकल्पना की गई थी, जिसकी शुरूआत राजस्थान से शुरू की गई है। मीना का कहना है कि हमारा मिशन क्षेत्र में संगठन को मजबूत करना और निकट भविष्य में एलडीएम लक्ष्यों को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि में राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और जमीनी स्तर पर पार्टी कार्यकताओं के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। वे अब कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकताओं से मिलने के लिए विभिन्न स्थानों के दौरे करेंगे और इस जिम्मेदारी के लिए उन्होंने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, शिवाजीराव मोघेजी का आभार व्यक्त किया है और इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ मिलकर काम करने को लेकर खुशी जताई इस दौरान लोगों में खुशी का माहौल देखा गया।

ब्यावर बस स्टैंड परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

गरीबों का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल) शहर जो राजस्थान में अजमेर जिले की हृदय स्थली के रूप में लोकप्रिय है सोमवार को ब्यावर आगार में राजस्थान परि.निगम संयुक्त कर्मचारी फेडरेशन संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में राजस्थान सरकार की निगम विरोधी नीतियों के विरोध में ब्यावर बस स्टैंड पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सरकार के विरोध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एवं यातायात मंत्री को उपखण्ड अधिकारी के मार्फत रोडवेज अध्यक्ष महोदय, प्रबन्ध निदेशक रोडवेज को मुख्य प्रबन्धक ब्यावर आगार के द्वारा भेजा गया।ज्ञापन देने वालों में उमाकान्त द्विवेदी, भोलासिंह, आनन्द सिंह, राजेन्द्र दवे,गजाधर इंदौरिया, बुद्धनदास वैष्णव, बुद्धाराम भाटी, कृष्ण गोपाल शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा,पुखराज सेन,जसवन्त सिंह राठौड, वहीद मोहम्मद, मो.मोमिन, घनश्याम उपाध्याय, गोपाल सिंह, अमरचन्द कुमावत, आदि अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे

यात्री गण कृपया ध्यान दे... मानसून अवधि में गाडियों कें संचालन समय में हुआ परिवर्तन

गरीबों का सितारा

जयपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा मानसून अवधि में कोंकण रेलवे पर संचालित अजमेर-एनार्कुलम-अजमेर, हिसार-कोयम्बटूर- हिसार एवं श्रीगंगानगर-कोचुवेली-श्रीगंगानगर की समय-सारणी में दिनांक 10.06.2023 से 31.10.2023 तक परिवर्तन किया है। मानसून समय-सारणी दिनांक 10.06.2023 (प्रारम्भिक स्टेशन से) से प्रभावी होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे की निम्नलिखित गाडियों की समय-सारणी में परिवर्तन है :

1. गाडी संख्या 12978/12977, अजमेर-एनार्कुलम-अजमेर मरूसागर एक्सप्रेस
2. गाडी संख्या 22475/22476, हिसार-कोयम्बटूर-हिसार रेलसेवा
3. गाडी संख्या 16311/16312, श्रीगंगानगर-कोचुवेली-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा

अध्यापक शंभू व्यास ने हिंदी भाषा का ज्ञान अनोखे अंदाज में करवाया

करके सीखने के सिद्धांत पर आधारित शिक्षण की समरसता

गरीबों का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल) शहर के निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाजा में अध्यापक शंभू दयाल व्यास द्वारा राजस्थान में शिक्षा के बढ़ते कदम कार्यक्रम के तहत कक्षा 6 एवं 7 के बच्चों को हिंदी विषय में गतिविधि आधारित शिक्षण करवाया गया। उच्च प्राथमिक प्रभारी ठाकुरदास मेहरा ने बताया की व्यास ने बच्चों से लकी ड्रा निकलवा कर विभिन्न गतिविधियां करवा कर क्रिया की परिभाषा को छात्रों से निकलवाया गया, छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभिनय करके क्रियाओं को बताया और उन क्रियाओं को छात्रों ने समझकर बोर्ड पर लिखा तथा क्रिया के अनेक उदाहरण भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अध्यापक शंकरलाल ,सुमन कुर्डिया एवं हेमलता उपस्थित थे बच्चों ने गतिविधियों को पसंद करते हुए सीखने में गहरी रुचि दिखाई।

जिला कलेक्टर ने खाटूश्याम मेले के सफलतापूर्वक आयोजन पर अधिकारियों के साथ ली फीडबैक बैठक

गरीबों का सितारा

सीकर 14 मार्च। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले को लेकर मंगलवार को मेला मंदिर कमेटी, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ फीड बैक बैठक ली। उल्लेखनीय है कि जिले में वार्षिक लक्खी मेला 22 फरवरी से 5 मार्च तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया तथा मेले में इस बार करीब 40 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए। बैठक में रूटीन व्यवस्थाओं में बदलाव करने, पार्किग बढ़ाने, लखदातार ग्राउण्ड से मेला प्रवेश द्वार तक सीसी सड़क, टीनशेड, पंखे, लाईट की व्यवस्था करने, रींगस–खाटू मार्ग तक की सड़क को फॉरलेन करने, पार्किंग स्थल में टॉयलेट्स की व्यवस्था करवाने, मंडा मोड़ – शाहपुरा मोड़ पर आरओबी के लिए प्रस्ताव तैयार करने, निशान एकत्रित करने के लिए स्थान चिन्हित करने, सूज कलेक्शन सेंटर बनाने, वीआईपी दर्शनों के लिए आनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाने सहित अन्य सुझाव दिए गए जिन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने बैठक में कहा कि मेला इस बार काफी बेहतरीन तरीके से आयोजित

हुआ लेकिन खाटू मंदिर में रूटीन की व्यवस्थाओं में भी बदलाव लाना आवश्यक है। उन्होंने मंडा मोड़, शाहपुरा मोड़ पर आरओबी के लिए प्रस्ताव तैयार करने, सड़कों के अधूरे काम को पूरा करने के पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 20 मार्च से काम शुरू कर किया जाए। जिला कलेक्टर ने 75 फीट ग्राउंड के पास या श्याम बगीची के नजदीक निशान कलेक्शन प्वाइंट बनाने, शूज कलेक्शन सेंटर बनाने और तोरण द्वार पर शूज कलेक्शन सेंटर बनाने के निर्देश दिए। मेले में व्यवस्थाओं से जुडे अधिकारियों ने सुझाव दिया कि कोई भी दर्शनार्थी 10 फीट से ऊंचा निशान नहीं लेकर आएं। बैठक में वीआईपी दर्शनों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने का सुझाव दिया देने के साथ ही निर्धारित राशि के लिए एक अलग फंड बनाने तथा प्राप्त राशि को खाटू के विकास में व्यय किया जाए। खाटू के सीसीटीवी कैमरों की फीड को अभय कमांड सेंटर से जोड़ने और खाटू में अलग से एक नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, सवारी गाड़ियों और ई-रिक्शा का किराया फिक्स करने का सुझाव दिया गया। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि 2 महीने बाद दुबारा आयोजित की जायेगी जिसमें दिए गए निदेर्शों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की जाएगी। पुलिस अधीक्षक करण शर्मा ने कहा कि इस बार 52 बीघा पार्किंग क्षेत्र होने के बाद भी जगह कम पड़ी इसलिए खाटूश्यामजी क्षेत्र में पार्किंग बढ़ाना जरूरी है। इसके अलावा खाटू से दूसरे गांव में जाने वाली सड़कें जो कस्बे के अंदर से होकर गुजरती है उनके रास्तों में भी बदलाव करना जरूरी है। खाटूश्यामजी थाना अधिकारी सुभाष यादव ने सुझाव दिया कि लखदातार ग्राउंड से मेला एंट्री तक सीसी सड़क बनाने, टीनशेड, पंखे लाईट की व्यवस्था करने, रींगस उपाधीक्षक विजय सिंह ने रींगस से खाटू मार्ग तक की सड़क को फोरलेन करने का सुझाव दिया। बैठक में दांतारामगढ़ एसडीएम प्रतिभा वर्मा ने श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले पानी के पैकेट्स बंद करने, खाटू कस्बें में खाटू- रींगस मार्ग पर स्ट्रीट लाईट की स्थाई व्यवस्था करवाने का सुझाव दिया। बैठक में एडीएम राकेश कुमार, उपखण्ड़ अधिकारी जय कौशिक, उपखण्ड़ अधिकारी लक्ष्मणगढ़ राजेश मीणा, सहायक कलेक्टर द्वितीय सुशील कुमार सैनी, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग राकेश लाटा, खाटू श्याम मंदिर कमेटी के मैनेजर संतोष शर्मा, नीमकाथाना सीओ गिरधारी लाल, रींगस सीओ विजय सिंह सहित पुलिस अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सीएम गहलोत ने विधि महाविद्यालय के छात्रसंघ कार्यालय का किया उद्घाटन

सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बनाए जाने की घोषणा पर राजस्थान विवि के कुलपति राजीव जैन द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार

गरीबों का सितारा

जयपुर। (विनोद धायल) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन किया। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजीव जैन के आग्रह पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय में 6 करोड़ रुपए की लागत से सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बनाए जाने की घोषणा की गई। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजीव जैन ने विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को एक आधुनिक बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण घोषणा के लिए संपूर्ण विश्व विद्यालय परिवार की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने उद्बोधन में देश की वर्तमान परिस्थितियों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज ज्यूडिशरी दबाव में है। इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई के छापे पड़ रहे हैं। ये बहस चलती रहेगी, लेकिन कॉलेज और विश्वविद्यालय कैंपस में विचारधारा पर काम होना चाहिए।

ताकि छात्रों की सोच विकसित हो। इस दौरान सीएम अशोक गहलोत ने सरकार की उपलब्धियों गिनाई। साथ ही योजनाओं को कुशल वित्तीय प्रबंधन से लागू करने की भी बात कही। उन्होंने पीएम मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि ईआरसीपी को लेकर पीएम मोदी ने वादा किया था लेकिन उसे निभाया नहीं। सीएम ने छात्रों को नसीहत देते हुए कहा कि संघर्ष करने से ही अंतिम विजय होती है। हार जीत की परवाह किए बिना आगे बढ़े क्योंकि अंतिम विजय सत्य की होती है। इस दौरान उन्होंने देश में चल रहे पेपर लीक के खेल को दुखद बताते हुए कहा कि उत्तराखंड, यूपी, गुजरात, मध्य प्रदेश यहां तक कि आर्मी और हाईकोर्ट के एग्जाम्स में भी पेपर आउट हुए। जो दुख का विषय है। हालांकि राज्य सरकार ने इसके खिलाफ कानून भी बनाया, जो पेपर माफिया है उनको गिरफ्तार भी किया, जेल तक भेजा, उनकी बिल्डिंग भी ध्वस्त की। सीएम ने पांच सौ करोड़ की लागत से युवा कल्याण बोर्ड बनाए जाने और युवा नीति पर काम जारी होने की बात कही।

विधि महाविद्यालय के अध्यक्ष हिमांशु जेफ ने बताया कि विश्वविद्यालय के घूमर पांडाल में पंजाबी सिंगर बानी संधू, हरियाणवी सिंगर विक्की काजला, हरियाणवी सिंगर एम डी, सिंगर बीरू कटारिया व कवि ने प्रस्तुतियां दी।

सिंगरौ ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित छात्र छात्राओं को रोमांचित किया।

इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मुख्य सचेतक व विधायक महेंद्र चौधरी, सुभाष गर्ग, मुख्यमंत्री सलाहकार राजकुमार शर्मा, श्री श्याम मन्दिर खाटूश्यामजी ट्रस्टी मानवेन्द्र सिंह चौहान, सिंडिकेट सदस्य व विधायक गोपाल मीणा, विधायक रफीक खान, फतेहपुर विधायक हाकम अली, संदीप यादव, विधि महाविद्यालय के प्रोफेसर व प्राचार्य अंकिता यादव समेत प्रशानिक अधिकारी व विश्वविद्यालय प्रशासन मौजूद रहा।।

जल जीवन मिशन योजना के तहत बिजली कनेक्शन हेतू RSEB रैणी एईएन को लिखित मे निवेदन दिया

गर्मी के मौसम को ध्यान मे रखते हुए जल्द से जल्द कनेक्शन कराने का आश्वासन दिया है रैणी एईएन ने

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना के नेतृत्व मे वार्ड पंच कप्तान सिंह राजपूत सहित अन्य कई संगठन सदस्यो ने सौपा रैणी एईएन को निवेदन

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना, अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के गांव खोहरा चौहान मे पेयजल संकट पिछले 5--7 साल से बहुत ही विकट है ऐसे गांव के सभी नागरिक जल जीवन मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन से पानी आने के इन्तजार मे है लेकिन जल जीवन मिशन का काम बहुत ही धीमी रफ्तार से हो रहा है ऐसे मे पिछले वर्ष गर्मी के मौसम मे भी जल जीवन मिशन का पानी नही पी सके लेकिन इस बार तो गर्मियो मे जरूर जरूर नल कनेक्शन से पानी पीने की उम्मीद थी क्योंकि पिछले माह मे ही नल कनेक्शन भी कर दिए गए है तथा पाइप लाइन तो दीपावली पर ही डाल दी गई थी और बोरिंग भी पिछले एक डेढ साल पहले ही हो गए थे तथा पानी की बड़ी

टंकी भी खोहरा चौहान मे दो-तीन माह पहले ही बनकर तैयार हो गई है ऐसे मे पक्की उम्मीद थी कि शायद मार्च 2023 मे तो गांव के हर घर पर नल का पानी आ ही जाएगा लेकिन अब बिजली कनेक्शन नही हुआ है जल जीवन मिशन के बोरिंग मे जिससे इस मार्च माह मे भी नल का पानी मिलना मुश्किल सा ही लग रहा है।

ऐसे मे मंगलवार को आमजन के हित को ध्यान मे रखकर काम करने वाले संगठन राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना के नेतृत्व मे स्थानीय वार्ड पंच कप्तान सिंह राजपूत ने तथा संगठन के अन्य कई सदस्य बिजली कनेक्शन के लिए रैणी एईएन से मिले और लिखित मे निवेदन दिया है कि जल्द से जल्द कनेक्शन कराया जावे तो इसकी ऐवज मे रैणी एईएन ने भी अपने तुरंत प्रभाव से सम्बन्धित ठेकेदार से बात कर जल्द से जल्द कनेक्शन कराने का आश्वासन दिया है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि मानव सेवा ही सर्वोपरि है इसी को ध्यान मे आमजन के हित मे लगातार संगठन पूरे भारत देश मे काम कर रहा है और संगठन की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढती ही जा रही है।

माली समाज के लोगों ने सख्त कार्रवाई करने को लेकर थाना अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

गरीबों का सितारा

वरुण कामदार/रामगढ़ पचवारा। रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय यहां. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं सैनी समाज के खिलाफ अभद्र गाने चैनल पर वायरल करने के मामले में सैनी समाज के लोगों ने मंगलवार को थाना अधिकारी अजय सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सैनी समाज जिला दोसा अध्यक्ष गिर्राज कंछला, महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति रामगढ़ पचवारा अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति लालसोट अध्यक्ष बाबूलाल सैनी जमात, जिला संरक्षक सैनी समाज दोसा बद्रीलाल जी रेशवाल,फुले बिग्रेड तहसील अध्यक्ष रामगढ़ पचवारा राजेंद्र सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति रामगढ़ पचवारा कोषाध्यक्ष नाथू लाल सैनी, संगठन प्रसार मंत्री चौकफूल सैनी, सह सचिव शंकर लाल सैनी, उपाध्यक्ष कैलाश सैनी, लल्लू जी सैनी, रामजी लाल सैनी, भगवान सोलरा, मुरारी बास, बाबूलाल बडवाला, जीतू सैनी,सब्जी मंडी अध्यक्ष रामगढ़ पचवारा फैले राम सैनी, सहित आदि मौजूद रहे।

एडमिन मदद फाउंडेशन: गणपत सिंह गांवड़ी

गरीबों का सितारा

समाज के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े होने वाले महापुरुष का जाना पूरे समाज के लिए एक क्षति है ।लोकेंद्र सिंह जी कालवी पूर्व मंत्री कल्याण सिंह कालवी के बेटे थे, लोकेंद्र सिंह जी बाड़मेर-जैसलमेर सीट से लोकसभा इलेक्शन के लिए खड़े हुए लेकिन दुर्भाग्य से अपने पहले चुनाव में वह हार गए इसी लोकसभा सीट से उनके पिता कल्याण सिंह कालवी भी खड़े हुए थे और उन्होंने चुनाव भी जीता था लोकेंद्र सिंह कालवी के दो बेटे है बड़े बेटे का नाम भवानी सिंह जो पोलो के खिलाड़ी हैं तो वही छोटे बेटे का नाम प्रताप सिंह है लोकेंद्र सिंह जी कॉलेज के दिनों में खेल में अधिक रूचि रखते थे खासकर बॉस्केटबॉल में. बॉस्केटबॉल टीम में शामिल होने के लिए वह कोई भी मौका नही छोड़ते थे इसके अलावा वह एक अच्छे निशानेबाज भी थे कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर निशानेबाजी में भी पदक जीते हैं साल 1999 में जाटों को आरक्षण का फायदा मिलने के बाद लोकेंद्र सिंह जी ने अपने समाज के लोगो के कोटे के नाम पर एक साथ जोड़ने के प्रयास किया. और सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा और देवी सिंह भाटी के साथ मिलकर सामाजिक न्याय मंच की स्थापना की. इसकी यह मांग थी कि उच्च वर्ग के गरीब परिवार को भी रिजर्वेशन का फायदा मिल सके. साल 2003 में विधानभा इलेक्शन में समाजिक न्याय मंच राजनीती पार्टी का रूप ले चूका था. और इस पार्टी ने विधानसभा चुनाव में अपने 60 उम्मीदवार मैदान में उतारे. लेकिन इनमे से सिर्फ 1 उम्मीदवार को जीत मिली इसके बाद भी जब भी कहीं भी सामाजिक न्याय की बात होती थी तो सबसे आगे खड़े रहते थे 2006 में राजपूत युवाओं को एकत्रित करके श्री राजपूत करणी सेना का गठन किया राजपूत समाज के होने वाले अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए युवाओं का एक मजबूत संगठन राजस्थान में बनाया गया जो वर्तमान में पूरे भारतवर्ष में एक मजबूत संगठन के रूप में जाना जाता है इस संगठन के माध्यम से बॉलीवुड फिल्मों के द्वारा इतिहास के साथ छेड़खानी की जा रही थी उसको बंद करवाने में काफी हद तक सफल हुए जब भी राजपूत समाज पर किसी भी प्रकार की कोई अन्याय की बात होती थी इस संगठन के माध्यम से अपनी आवाज को बुलंद करते थे और कई बार सरकारों को इन्होंने झुकने के लिए मजबूर किया है लोकेंद्र सिंह जी कालवी के आज चले जाने से राजपूत समाज के एक युग का अंत हो गया वह सच में ही समाज के कोहिनूर थे उनकी एक बात हमेशा सभी के दिलों में याद रहेगी वह एक बहुत ही स्पष्ट वादी इंसान थे

वह हमेशा कहते थे...

"जो अपनी जात का नहीं वह अपने बाप का नहीं और जो अपने बाप का नहीं वह अपने राष्ट्र का नहीं"

ईडब्लूएस अभ्यर्थियों को सेट परीक्षा की शैक्षणिक योग्यता में मिले पाँच प्रतिशत की छूट : विधायक राम लाल शर्मा

सेट परीक्षा में ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को छूट दिलाने को लेकर विधायक रामलाल शर्मा ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

गरीबों का सितारा

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर) ।राजस्थान विधानसभा के संचालन में प्रक्रिया की नियम 131 के अंतर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत विधायक रामलाल शर्मा ने ईडब्लूएस को सेट परीक्षा की शैक्षणिक योग्यता में ओबीसी के समान पाँच प्रतिशत की छूट दिए जाने का मुद्दा विधानसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा कॉलेज शिक्षा में सहायक आचार्य पद के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता सेट की विज्ञप्ति नौ साल बाद गोविंद गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय बाँसवाड़ा द्वारा जारी की गई है, जिसके आवेदन लिए जा रहे हैं लेकिन अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में ईडब्ल्यूएस को ओबीसी, एसबीसी के समान 5% की छूट प्रदान नहीं की गई है। इस विसंगति के कारण ईडब्लूएस के विद्यार्थी सेट परीक्षा से वंचित हो गए हैं और साथ ही सहायक आचार्य बनने की उस से भी बाहर हो गए हैं। राजस्थान के पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में अन्य राज्यों द्वारा सेट परीक्षा में ईडब्लूएस को शैक्षणिक योग्यता में अन्य आरक्षित श्रेणियों के समान पाँच पर्सेंट की छूट दी गई है। इस पर उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने जवाब देते हुए कहा कि राजस्थान में अंतिम बार सैट परीक्षा का आयोजन 2013 में करवाया गया था। सेट परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित क्राइटेरिया अनारक्षित वर्ग के लिए स्नातकोत्तर परीक्षा में 55 प्रतिशत अंक है, सेट परीक्षा में आरक्षित वर्ग को पात्रता अंकों में 5 प्रतिशत की छूट दी गई है। इनमें एससी, एसटी, ओबीसी, विशेष योग्यजन शामिल है। इसके लिए इस स्नातकोत्तर में पात्रता 50 प्रतिशत अंक है। इसी तरह मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सैट परीक्षा में ईडब्लूएस को पाँच प्रतिशत की छूट देने के आदेश जारी कर दिए थे ' जिन्हें यूजीसी नेट के पत्र दिनांक 7/10/2022 के द्वारा अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता का तीन अंक से पाँच प्रतिशत की देय छूट को विलोपित कर दिया। ईडब्लूएस विद्यार्थियों को यूजीसी के द्वारा केंद्र सरकार के माध्यम से छूट का प्रावधान किया जाता है तो राज्य सरकार वो छूट देने को तैयार हैं।

विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि ईडब्लूएस को लागू करने का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के लोगों को मुख्यधारा के अंदर लाने का था और राजस्थान सरकार द्वारा ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों के को अन्य परीक्षाओं में छूट देने का प्रावधान में कई बार संशोधन किया है। विधायक रामलाल शर्मा की माँग पर विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने सरकार द्वारा यूजीसी को पत्र लिखकर ईडब्लूएस विद्यार्थियों को 5 प्रतिशत छूट देने की सिफारिश करने की बात कही। जिस पर शिक्षा मंत्री द्वारा शीघ्र ही यूजीसी को पाँच प्रतिशत छूट देने की सिफारिश भिजवाने के लिए आश्वस्त किया।

महावीर इंटरनेशनल सीकर केंद्र द्वारा एमएचएम कार्यशाला का आयोजन

छात्राओं को गरिमा प्रोजेक्ट के तहत सरकारी स्कूल श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बान्डियाबास सीकर में निशुल्क 200 सेट सेनेटरी नैपकिन वितरित किए

गरीबों का सितारा

सीकर/साधना सेठी। महावीर इंटरनेशनल सीकर एवं सेफ एक्सप्रेस प्रा0 लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में गरिमा प्रोजेक्ट 'झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो' के तहत माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बान्डियाबास सीकर सीकर में सेनेटरी नैपकिन वितरण कर माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन आज दिनांक 14.03.23 को किया गया।कार्यक्रम की प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं मुख्य वक्ता वीरा डॉक्टर संपत्ति जी मिश्रा द्वारा छात्राओं को माहवारी से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी, और कहां की माहवारी समस्या नहीं महिलाओं की स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण

प्राकृतिक शारीरिक गतिविधि है, पुरानी रूढ़िवादिता को छोड़कर माहवारी (पीरियड) को गलत नहीं मानना चाहिए, शर्म नहीं करना चाहिए जैसी महत्वपूर्ण बातें बताई, तत्पश्चात छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन बांटी गई। सचिव राजेंद्र पहाड़िया ने बताया कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष सुनील दीवान, डॉ. एन. डी. मिश्रा, डॉ. सम्पति मिश्रा सहित स्कूल की प्रधानाचार्य-सुरुचि बारेठ, एवं निर्मला सहित स्टाफ उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

किसी भी समय की जा सकती है पूर्व पीएम की गिरफ्तारी समर्थकों में भारी आक्रोश

पूर्व पीएम इमरान खान को गिरफ्तार करने पहुंची पाक पुलिस, समर्थकों ने किया जमकर पथराव

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में आर्थिक बदहाली के बीच अब राजनीतिक संकट खड़ा हो सकता है। पूर्व पीएम इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस उनके लाहौर स्थित आवास पर पहुंची है। मंगलवार को पुलिस की कई गाड़ियां लाहौर के जमान पार्क पहुंचीं हैं। कहा जा रहा है कि किसी भी वक्त इमरान खान को गिरफ्तार किया जा सकता है। इस बीच इमरान खान के घर के बाहर बड़ी संख्या भीड़ जुट गई है। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं और उनका कहना है कि पूर्व पीएम की गिरफ्तारी हुई तो देश में बवाल मच सकता है। फिलहाल पुलिस और इमरान खान समर्थकों के बीच संघर्ष की स्थिति बनी हुई है।

खास बातें

- इमरान के घर के बाहर बड़ी संख्या में जुटी समर्थकों की भीड़
- इमरान समर्थकों व पुलिस के बीच पैदा हुई टकराव की स्थिति

गिरफ्तारी वारंट के खिलाफ इस्लामाबाद हाई कोर्ट पहुंचे इमरान

इमरान खान सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि हम शांति के साथ यहां मौजूद हैं। पुलिस यहां वॉरंट लेकर आई है और हम उनसे बात करेंगे, लेकिन हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुरैशी ने कहा कि इमरान खान ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे शांति के साथ प्रदर्शन करें। इस बीच इमरान खान की पार्टी की ओर से उनकी गिरफ्तारी के वॉरंट के खिलाफ इस्लामाबाद हाई कोर्ट में अर्जी दी गई है। इस पर आज ही सुनवाई होने वाली है।

इमरान के खिलाफ दर्ज हैं कुल 80 मामले, इनमें 30 गंभीर केस

पुलिस के पहुंचने पर तहरीक-ए-इंसाफ पाकिस्तान के कार्यकर्ता भड़क गए और पत्थरबाजी करने लगे। इस पर पुलिस ने भी लाठियां बरसाकर कार्यकर्ताओं को खदेड़ा है। इसके अलावा आंसू गैस के गोले भी दागे जा रहे हैं ताकि इमरान खान समर्थकों को पीछे धकेला जा सके। फिलहाल पुलिस धीरे-धीरे इमरान खान के घर की ओर बढ़ रही है और कहा जा रहा है कि आज इमरान खान को पुलिस गिरफ्तार कर सकती है। दरअसल इमरान खान के खिलाफ कुल 80 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें से 30 मामले गंभीर अपराधों के हैं।

पीटीआई ने ट्वीट कर की एकत्र होने की अपील

इमरान खान की पार्टी पीटीआई के ट्विटर अकाउंट पर लोगों से अपील की गई थी कि वे जमान पार्क पहुंचें और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करें। दरअसल पीटीआई के नेताओं को आशंका है कि इमरान खान को पुलिस गिरफ्तार कर सकती है। इसी आशंका के चलते पिछले कई दिनों से लगातार वे प्रदर्शन कर रहे हैं। इमरान समर्थकों का कहना है कि यदि उनके नेता को गिरफ्तार किया गया तो देश में दंगे भड़क सकते हैं। बता दें कि इमरान को पुलिस कुछ दिन पहले भी गिरफ्तार करने पहुंची थी, लेकिन वह मौके पर नहीं मिले थे। इस पर पाक के होम मिनिस्टर राणा सनाउल्लाह ने तंज कसते हुए कहा था कि इमरान खान पड़ोसी के घर में कूद गए थे।

खबर संक्षेप

छात्रों-पर्यटकों को फिर वीजा जारी करेगा चीन

नई दिल्ली। चीन के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, देश में एक बार फिर से इंटरनेशनल टूरिस्ट, स्टूडेंट्स और अन्य लोगों को एंट्री देने के लिए 15 मार्च से वीजा जारी किए जाने की शुरुआत की जाएगी। सबसे ज्यादा फायदा उन छात्रों को होगा, जिन्हें कोविड की वजह से लौटना पड़ा था। विदेश मंत्रालय ने कहा 28 मार्च, 2020 से पहले जारी किए गए वीजा के जरिए भी देश में एंट्री की जा सकती है।

ताजपोशी के पहले डाक टिकट में दिखे चार्ल्स

लंदन। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय इस साल मई में आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन की गद्दी संभाल लेंगे। इससे पहले किंग चार्ल्स-III पहली बार स्पेशल डाक टिकट में नजर आए हैं। रॉयल मेल द्वारा किंग चार्ल्स के सिर वाले स्पेशल डाक टिकट जारी किए गए हैं। जिसमें सिल्हूट (छाया चित्र) बगीचे में लगाए जाने वाले लोकप्रिय फूलों के एक सेट में दिख रहे हैं।

पुतिन की भारत यात्रा पर अब तक निर्णय नहीं

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत में सितंबर में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं, लेकिन इस बारे में अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं किया गया है। पुतिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा कि इससे इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन इस कोई निर्णय नहीं हुआ है। जल्दी ही इस बारे में वास्तविक जानकारी सामने आ जाएगी।

भारत की सदस्यता का ब्रिटेन ने किया समर्थन

न्यूयार्क। ब्रिटिश सरकार ने संसद में पेश की गई अपनी रक्षा एवं विदेश नीति संबंधी ताजा समीक्षा के तहत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों और उसमें भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने को पहली बार मजबूत प्रतिबद्धता जताई। समीक्षा में कहा गया है कि आईआर2021 से आगे बढ़ते हुए, ब्रिटेन यूएनएससी में सुधार का समर्थन करेगा ब्राजील, भारत, जापान और जर्मनी को स्थाई सदस्यता का स्वागत करेगा।

इस साल 10 लाख वीजा जारी करेगा अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका जाने वाले भारतीयों के लिए राहत की खबर है। भारतीय नागरिकों के लिए वीजा स्लॉट खोलने के लगभग एक महीने बाद, अमेरिका ने घोषणा की है कि वह इस साल 10 लाख भारतीयों को वीजा जारी करेगा। अमेरिकी दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा हमने पहले ही भारत में हमारे दूतावास और वाणिज्य दूतावासों में दो लाख से अधिक आवेदनों पर कार्रवाई की है।

एनआईए ने पीएफआई के दो सदस्यों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

उन्माद भड़काकर देश में इस्लामिक शासन स्थापित करना चाहते थे पीएफआई कार्यकर्ता

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में चल रही पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गतिविधियों और हिंसक चरमपंथ के एजेंडे से संबंधित मामले की जांच के प्रमुख हिस्से को पूरा करने के बाद एनआईए ने सोमवार को दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर कर दी है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ अपनी पहली चार्जशीट में कई गंभीर आरोप लगाए है। एनआईए ने अपनी चार्जशीट में पीएफआई से जुड़े 2 लोगों पर आपराधिक साजिश रचने, संगठन के लोगों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग देने और सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। यह मामला सितंबर 2022 में उस आपराधिक साजिश की जांच के लिए दर्ज किया गया था, जिसे पीएफआई नेताओं/कैडरों द्वारा कट्टरपंथ और भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को हथियारों के प्रशिक्षण के माध्यम से भारत में विभिन्न समुदायों के बीच खाई पैदा करने के उद्देश्य से रचा गया था। इसका मकसद हथियार और विस्फोटक के सहारे 2047 तक भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करने के अंतिम उद्देश्य के साथ आतंक और हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने के लिए धन जुटाना था।

खास बातें

- धार्मिक भावनाएं भड़काकर करते थे लोगों को संगठन से जोड़ने का प्रयास
- शिविरों में दी जाती थी पीएफआई के नए सदस्यों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग

शिविरों में की जाती थी युवाओं की ब्रेन वॉशिंग

एनआईए के मुताबिक, आशिफ और सर्राफ पीएफआई सदस्यों को ट्रेनिंग देते थे, जो हिंसा करने के लिए मुस्लिम युवकों को भर्ती करते थे। मुस्लिम युवकों को वैचारिक रूप से कट्टरपंथी बनाने अलावा उन्हें हथियारों की ट्रेनिंग देने के लिए शिविर भी आयोजित किए जाते थे। जहां उन्होंने मुस्लिम समुदाय में एकजुटता पैदा करने के लिए मोटीवेट किया जाता था। वे लोगों को भड़काते थे कि अगर योजनाबद्ध तरीके से अभियान को आगे बढ़ाया जाए तो भारत को अगले दिनों में मुस्लिम राष्ट्र में बदला जा सकता है।

120बी, 153ए और यूएपीए की धाराओ में केस दर्ज

चार्जशीट के अनुसार, कोटा के मोहम्मद आसिफ और राजस्थान के बारां के सादिक सर्राफ पर आईपीसी की धारा 120बी, 153ए और यूएपीए अधिनियम 1967 की धारा 13, 17, 18, 18ए और 18बी के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। पीएफआई के सदस्य जो हिंसक कृत्यों को अंजाम देने के लिए पीएफआई के लिए प्रभावशाली मुस्लिम युवाओं की भर्ती और कट्टरता में शामिल थे। वे हथियारों और विस्फोटकों से निपटने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने, पीएफआई कैडरों को हथियार उठाने के लिए उकसाने और हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन जुटाने में भी लिप्त शामिल पाए गए। वे भारत में विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते और देश में इस्लामिक शासन स्थापित करने के लिए युवाओं को हिंसक तरीकों का सहारा लेने के लिए प्रेरित करते पाए गए।

देश के विरुद्ध युद्ध छेड़ने का अभियान शुरू किया

इस केस में आशिफ और सर्राफ के अलावा एक अन्य पीएफआई सदस्य मोहम्मद सोहेल को भी गिरफ्तार किया गया था। सोहेल उदयपुर का रहने वाला था। अधिकारियों ने बताया कि आपराधिक साजिश की जांच के लिए केस दर्ज किया गया था। इसमें कहा गया था कि यह साजिश पीएफआई के इन दोनों कैडर्स ने रची थी और उनका मकसद था कि भारत में विभिन्न संप्रदायों के बीच नफरत फैलाई जाए। चार्ज शीट में कहा गया है कि मुस्लिम युवकों ने एक बड़ी साजिश के तहत देश के विरुद्ध युद्ध छेड़ने का अभियान संचालित किया। इस वजह से उनका अपराध गंभीर है।

जकात के नाम पर धन इकट्ठा कर हथियार खरीदे

चार्जशीट में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि अभियुक्त व्यक्तियों ने भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को यह विश्वास दिलाकर कट्टरपंथी बना दिया कि भारत में इस्लाम खतरे में है। वे नए कैडरों को प्रोत्साहित करते थे कि वे इस्लाम की रक्षा के लिए हथियार उठा लें। इसलिए पीएफआई कैडरों और समुदाय के लिए यह आवश्यक था कि वे 2047 तक इस्लाम की रक्षा करने और भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए हथियारों के उपयोग में खुद को प्रशिक्षित करें। आरोपी व्यक्ति हथियारों की खरीद के लिए जकात के नाम पर धन इकट्ठा कर रहे थे और पीएफआई कैडरों के लिए हथियार और विस्फोटकों के प्रयोग के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करते थे।

दिल्ली दंगा मामला

कड़कड़डुमा कोर्ट ने नौ आरोपियों को दोषी ठहराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की कड़कड़डुमा कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में 9 लोगों को दोषी ठहराया है। अदालत ने कहा कि आरोपी व्यक्ति एक अनियंत्रित भीड़ का हिस्सा थे जिसका उद्देश्य हिंदू समुदाय के व्यक्तियों की संपत्तियों को अधिकतम नुकसान पहुंचाना था। कोर्ट ने कहा कि पुलिस ने आरोपियों पर जो आरोप लगाए हैं, वो सही हैं। आरोपी एक अनियंत्रित भीड़ का हिस्सा थे। कोर्ट ने कहा कि पुलिस आरोपियों को लगातार पीछे हटने के लिए कह रही थी। इसके बाद भी आरोपियों ने बवाल जारी रखा। यह मामला दंगों के दौरान गोकुलपुरी इलाके में दंगे, आगजनी और तोड़फोड़ से जुड़ा है। कोर्ट ने मोहम्मद शाहनवाज उर्फ शानू, मोहम्मद शोएब उर्फ छुटवा, शाहरुख, राशिद उर्फ राजा, आजाद, अशरफ अली, परवेज, मोहम्मद फैसल को दोषी करार दिया। मामला गोकुलपुरी इलाके में दंगे, आगजनी और तोड़फोड़ का है।

जांच के दौरान ठोस सबूत इकट्ठे किए गए

राशिद उर्फ मोनू के खिलाफ दंगा, चोरी, आगजनी कर उपद्रव करने, संपत्तियों को आग लगाकर नष्ट करने और अवैध जमावड़े से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान, सीसीटीवी कैमरों, सोशल मीडिया पर वायरल फुटेज और सार्वजनिक गवाहों की मदद से अपराध में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने का प्रयास किया गया।

ओरोपी घटना में शामिल थे

जांच अधिकारी को पता चला कि आरोपी व्यक्ति वर्तमान मामले की घटना में शामिल थे, जैसे कि मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद शोएब, शाहरुख, राशिद, आजाद, अशरफ अली, परवेज, मोहम्मद फैसल और राशिद को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया था। आईओ ने आरोपी व्यक्तियों से पूछताछ की अनुमति प्राप्त की और उनसे पूछताछ के बाद, आईओ ने उन्हें औपचारिक रूप से वर्तमान मामले में गिरफ्तार कर लिया।

मूडीज ने बैंकों को रिव्यू पर रखा

छह और अमेरिकी बैंकों पर मंडराया तालाबंदी का खतरा

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका में वित्तीय संकट गहराता जा रहा है। अमेरिकी सिलिकॉन बैंक डूबने के बाद अब 6 और बैंकों पर खतरा बढ़ा गया है। इसको देखते हुए मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने 6 और बैंकों को रिव्यू में डाल दिया है। जिन बैंको को मूडीज ने रिव्यू में रखा है, उनके नाम हैं, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक, जिओन्स बैनकॉपोरेशन, वेस्टर्न एलिएंस बैनकॉर्प, कॉमेरिका इंक, यूएमबी फाइनेंशियल कॉर्प और इंट्रस्ट फाइनेंशियल कॉर्पोरेशन। इसके साथ ही क्रेडिट रेटिंग कंपनी ने बैंक जमाकर्ताओं को की बिना बीमा वाली जमा राशि पर निर्भरता और उनके संपत्ति पोर्टफोलियो में नुकसान का खतरा बताया है। मूडीज ने सोमवार को न्यू यॉर्क बेस्ड सिग्नेचर बैंक की डेट रेटिंग को डाउनग्रेड कर जंक टेरिटरी में डाल दिया है। मूडीज ने इससे पहले सिग्नेचर बैंक को पहले सबोर्डिनेट डेट 'सी' रेट दिया था। इसके अलावा मूडीज सिग्नेचर बैंक की फ्यूचर रेटिंग को वापस ले लिया है।

मूडीज की रेटिंग बैंकिंग सेक्टर के लिए बड़ा झटका

मूडीज के इस रेटिंग से अमेरिका की बैंकिंग सेक्टर के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। आपको बता दें कि सिग्नेचर बैंक को अमेरिकी रेग्युलेटर द्वारा रविवार को बंद कर दिया था। आपको बता दें कि अमेरिका के बैंकों के शेयर में बड़ी गिरावट दर्ज की जा रही है। सोमवार को सैन फ्रांसिस्को स्थित फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के शेयर में रिकॉर्ड 62 फीसदी की गिरावट दर्ज की, जबकि फीनिक्स स्थित वेस्टर्न एलायंस ने अभूतपूर्व 47 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। डलास स्थित कोमेरिका 28 फीसदी फिसल गया। इससे वित्तीय संकट बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है।

लोगों का जमा पैसा पूरी तरह से सुरक्षित

अमेरिका की वित्तीय संस्थाओं और वित्त विभाग ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि लोगों का बैंकों में जमा पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है। खाता धारक इस पैसे को निकाल सकते हैं। अमेरिका के फेडरल रिजर्व विभाग ने ऐलान किया है कि वे बैंकों की मदद के लिए अतिरिक्त फंडिंग करेंगे, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। देश के बैंकिंग सिस्टम में लोगों का विश्वास बनाए रखने और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत रखने के लिए यह कदम उठाए जा रहे हैं। अमेरिकी सरकार सिलिकॉन वैली बैंक को संकट से निकालने के लिए पैकेज का एलान नहीं किया है, सरकार बैंकों के खाताधारकों के पैसे वापस दिलाने में मदद कर रही है।

बजट प्रस्ताव कांग्रेस के समक्ष पेश

चीन की चुनौती के बीच अमेरिका 1 खरब डॉलर तक बढ़ाएगा रक्षा बजट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने अपने प्रतिरक्षा बजट में असाधारण तरीके से इजाफा करने की तैयारी की है। कई दशकों बाद अमेरिका के रक्षा बजट में होने वाली इस बढ़ोत्तरी के पीछे चीन को बड़ी वजह है। अमेरिका अब अपनी सेनाओं पर करीब एक खरब डॉलर खर्च करेगा। चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर की तरफ से रक्षा बजट के बारे में जानकारी दी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की तरफ से कांग्रेस के पास 842 बिलियन डॉलर वाले रक्षा बजट के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए भेजा गया है।

मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के चलते बढ़ाया बजट

इराक और अफगानिस्तान युद्ध के बाद अमेरिका का रक्षा बजट इस आंकड़े पर पहुंचा है। ये दोनों ही युद्ध 2000 के दशक के मध्य में हुए थे। इन दोनों ही युद्धों में अमेरिका के लाखों सैनिक भारी लाव-लश्कर के साथ मोर्चे पर तैनात थे। अब जब एक बार बजट फिर से बढ़ने की तरफ है तो माना जा रहा है कि अमेरिका हथियारों पर सबसे ज्यादा रकम खर्च करने की तैयारी कर रहा है।

जी-20 में भाग लेने के लिए अमृतसर पहुंचे विदेशी डेलीगेट्स

अमृतसर। जी- 20 की बैठक के लिए विदेशी डेलीगेट्स का अमृतसर पहुंचना शुरू हो चुका है। चीन, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, यूएई के डेलीगेट्स का अमृतसर एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में भाग लेने पहुंचे जी20 प्रतिनिधियों का पारंपरिक पोशाक में कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत किया।

स्विस फर्म आईक्यूएयर की 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट' में दावा

रैंकिंग में सुधार, फिर भी भारत के अधिकतर शहर प्रदूषण की जद में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत दुनिया का आठवां सबसे प्रदूषित देश है। हालांकि प्रदूषण की रैंकिंग में 3 पायदान का सुधार हुआ है। भारतीय शहरो में पर्टिकुलेट मैटर (पीएम) 215, 5313 माइक्रोग्राम/क्यूबिक मीटर मिला है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सुरक्षित सीमा से 10 गुना अधिक है। यह खुलासा स्विस फर्म आईक्यूएयर ने मंगलवार को जारी अपनी 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट' में किया है। बताया गया है कि यह रिपोर्ट 131 देशों के डेटा के आधार पर बनाई की गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया में प्रदूषित देशों की लिस्ट में पहला स्थान चाड का है। इसके बाद इराक, पाकिस्तान, बहरीन, बांग्लादेश, बुर्किना फासो, कुवैत, भारत, मिस्र और तजाकिस्तान है। अगर शहरों की बात की जाए जो टॉप 100 में भारतीय शहर की संख्या सबसे ज्यादा है। इस रिपोर्ट में 7,300 शहरों को शामिल किया गया है।

खास बातें

- प्रदूषित देशों की लिस्ट में पहला स्थान चाड का
- रिपोर्ट में 7,300 शहरों को शामिल किया गया है

टॉप 10 प्रदूषित शहरों में छह भारतीय शहर

वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट के अनुसार, टॉप 10 प्रदूषित शहरों में छह भारतीय शहर हैं, जबकि 20 में 14 और 50 में 39 शहर प्रदूषण से ग्रस्त हैं। टॉप 100 में 65 शहर सबसे प्रदूषित हैं। नई रिपोर्ट में दिल्ली और नई दिल्ली दोनों शीर्ष 10 में शामिल हैं। पाकिस्तान में लाहौर और चीन में होतान शीर्ष दो सबसे प्रदूषित शहर हैं, जिसके बाद राजस्थान का भिवाड़ी और दिल्ली चौथे स्थान पर है। दिल्ली का पीएम 2.5 स्तर 92.6 माइक्रोग्राम मिला है, जोकि सुरक्षित सीमा से लगभग 20 गुना ज्यादा है।

दिल्ली के बाद कोलकाता सबसे अधिक प्रदूषित

देश के अन्य महानगरों की बात की जाए तो कोलकाता दिल्ली के बाद सबसे अधिक प्रदूषित है। चेन्नई में प्रदूषण तुलनात्मक रूप से फिर भी ठीक है क्योंकि यहां प्रदूषण विश्व स्वास्थ्य संगठन के सुरक्षित स्तर से 'सिर्फ' 5 गुना ज्यादा है। प्रदूषण के स्तर में 2017 के बाद से हैदराबाद और बेंगलुरु में औसत से अधिक वृद्धि देखी गई।

भारत के अन्य शहरों का क्या है हाल?

भारत दुनिया में प्रदूषण के मामले में आठवें स्थान पर है। इससे भी बुरी खबर यह है कि भारत के 60 फीसदी शहर में प्रदूषण इतना फैल गया है कि ये रहने लायक नहीं रहे। अगर स्थिति अभी भी नहीं सुधरी तो लोग कई गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाएंगे। राजस्थान का भिवाड़ी भारत का सबसे अधिक प्रदूषित शहर है और दुनिया का दूसरा सबसे अधिक प्रदूषित शहर है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com